ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 34, अंक 135, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 2

कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 14

## एक नजर

### प्रज्वल को न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु शहर की एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ तीन यौन उत्पीड़न मामलों के पहले मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। अदालत में सोमवार को सुनवाई के बाद अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा।

### डूंगरपुर मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। शुक्रवार को बहस पूरी हो गई थी। आजम के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। इस मामले में लगातार सुनवाई हो रही है। आजम खां सीतापुर जेल में बंद है। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आजम, उनके करीबी फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

# मिलेगी 17वीं किसान निधि, बनेंगे तीन करोड़ आवास

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षरित पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं। मोदी ने रविवार शाम लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के आवासों में बिजली, पानी, शौचालय, एलपीजी- रसोई गैस जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।



### तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम

#### किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा पीएम का पहला फैसला : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर इस फैसले के लिए मोदी का आभार व्यक्त करते हुए देश के सभी किसानों को बधाई दी है। उन्होंने लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## मोदी 3.0, मंत्रियों को मिले विभाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी तीसरी मंत्रिपरिषद में महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने सहयोगियों पर ही भरोसा जताया है और जो मंत्री दोबारा चुन कर नहीं आए हैं, उन्हें नए सदस्यों को दिया गया है। राष्ट्रपति भवन से सोमवार की शाम नए मंत्रियों के कार्य विभागों की सूची जारी की गई। जिसमें प्रधानमंत्री सहित 30 कैबिनेट, 05 स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्यमंत्रियों को विभागों का आवंटन किया गया।

**नरेंद्र मोदी : प्रधानमंत्री, प्रभारी**
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए।

### कैबिनेट मंत्रियों के मंत्रालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- राजनाथ सिंह- | रक्षा | 17- प्रह्लाद जोशी- | उपभोक्ता एवं नवीकरणीय ऊर्जा |
| 2- अमित शाह- | गृह और सहकारिता | 18- जुएल ओरांव- | जनजातीय मामले |
| 3-नितिन गडकरी- | सड़क परिवहन और राजमार्ग | 19- गिरिराज सिंह- | कपड़ा |
| 4-जेपी नड्डा- | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 20-अश्विनी वैष्णव- | रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| 5- शिवराज सिंह चौहान- | कृषि एवं ग्रामीण विकास | 21- ज्योतिरादित्य सिंधिया- | संचार मंत्री और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास |
| 6- निर्मला सीतारमण- | वित्त | 22- भूपेन्द्र यादव- | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन |
| 7- एस जयशंकर- | विदेश | 23- गजेन्द्र सिंह शेखावत- | संस्कृति |
| 8- मनोहर लाल खट्टर- | ऊर्जा व शहरी विकास | 24- अन्नपूर्णा देवी- | महिला एवं बाल विकास |
| 9- एचडी कुमारस्वामी- | भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम | 25- किरेन रिजिजू- | संसदीय मामले |
| 10- पीयूष गोयल- | वाणिज्य, खाद्य एवं वितरण | 26- हरदीप सिंह पूरी- | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| 11- धर्मेंद्र प्रधान- | शिक्षा | 27-डॉ. मनसुख मंडाविया- | खेल |
| 12- जीतन राम मांझी- | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 28- जी. किशन रेड्डी- | खान |
| 13- राजीव रंजन सिंह- | पंचायती राज और मत्स्य पालन | 29- चिराग पासवान- | खाद्य प्रसंस्करण |
| 14- सर्बानंद सोनोवाल- | बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग | 30- सीआर पाटिल- | जलशक्ति |
| 15- डॉ. वीरेंद्र कुमार- | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता | | |
| 16- राम मोहन नायडू- | नागरिक उड्डयन | | |

# पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

**गर्मी का एक और दौर**

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

### ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

# भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

**जम्मू-कश्मीर बस हमला**

# आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

किशोर कुमार, जम्मू

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर आतंकवादियों ने किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, सुरक्षा बल और एनआईए की टीम तलाशी में जुटी

**अमृत विचार :** वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही हैं। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। ● एजेंसी

### मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

# घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढ़ुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढ़ुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला, एक जवान घायल

- सुरक्षा बलों शुरू किया तलाशी अभियान

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल राजधानी इंफाल से करीब 36किमी. दूर हुए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं। वह जिले में स्थिति का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जाने की योजना बना रहे थे। उग्रवादियों ने शनिवार को जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग कार्यालय, 70 मकानों में आग लगा दी थी।

# छत्तीसगढ़ में जिलाधिकारी आफिस पर पथराव, कई वाहन जला दिए

बलौदाबाजार, एजेंसी

- प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ सतनामी समाज का आंदोलन
- बलौदा बाजार जिले में जैतखंभ में की गई थी तोड़फोड़

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को क्षति पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग लगा दी और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की। 15 और 16 मई की रात को अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा स्थित सतनामी समाज के पूजे जाने वाले जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी।

इसके विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और डीएम कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। बलौदाबाजार एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन वह हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में घुस गए।

उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी वाहनों और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और दमकल विभाग के वाहन को भी आग लगा रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों में झड़प भी दिख रही है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ की तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संगठनों और सतनामी समाज की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

**खोज** पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की 15 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां

# किसानों को मालामाल करेंगी सोयाबीन की दो नई प्रजातियां

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** विभिन्न फसलों की उन्नतशील किस्में विकसित कर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और कारनामा कर दिखाया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित शोध परियोजना के मुख्य सोयाबीन प्रजनक डॉ. कामेंद्र सिंह के निर्देशन में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए सोयाबीन की दो नई प्रजातियां (पंत सोयाबीन-25 एवं पंत सोयाबीन-26) विकसित की हैं। इन दोनों प्रजातियों को केंद्रीय विमोचन समिति की ओर से विमोचित कर दिया गया है।

पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित की हैं, जो देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा सफलतापूर्वक उगाई जा रही हैं। प्रजनक टीम में शामिल डॉ. पीएस शुक्ल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नई विकसित प्रजातियों की प्रमुख विशेषता है कि वह पूर्व में विकसित किस्मों से 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन क्षमता के साथ विषाणु रोग रोधी हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने वैज्ञानिकों की इस सफलता पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रजातियां किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।



> अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित परियोजना के अंतर्गत अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित हो चुकी हैं। वर्तमान में पंत सोयाबीन-25 प्रजाति उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तथा पंत सोयाबीन-26 मैदानी व भावर क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे किसान 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन ले सकेंगे। - **डॉ. कामेंद्र सिंह,** मुख्य प्रजनक सोयाबीन-पंतनगर विवि

### सोयाबीन की नई प्रजातियों की यह है विशेषता





**पंत सोयाबीन-25 :** यह किस्म (पीएस-1042 × एमएसीएस-450) × (पीएस-1024 × पीएस-1241) के बहुसंकरण से वंशावली विधि द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म भारत के उत्तर पर्वतीय क्षेत्र (हिमाचल व उत्तराखंड) के लिए उपयुक्त है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश : लगभग 40-41 एवं 18-19 प्रतिशत होती है। यह किस्म 118-120 दिन में पक कर तैयार होती है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।





**पंत सोयाबीन-26 :** यह किस्म (पीएस-1092 × पीएस-1042 × पीएस-1241) के संकरण से वंशावली विधि द्वारा उत्तरी मैदानी क्षेत्र (पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड को छोड़कर) और उत्तराखंड के तराई व भावर क्षेत्र) के लिए विकसित की गई है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश : लगभग 40-41 एवं 17-18 प्रतिशत है।



# विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

## भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस है, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबलों भी खेलें



**4** ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

**119** रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

## भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | -0.274 | 0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.150 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.789 | 0 |
| बंगलादेश | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.379 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

## गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।



विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

## पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारतः पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

## कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

## खेल डायरी

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

### प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### संयुक्त 59वें स्थान पर रहे शुभंकर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां 2024 वोल्वो कार स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर के आखिरी चार होल में शॉट ड्रॉप करने से निराशाजनक पांच ओवर 77 का कार्ड खेल पाये और संयुक्त 59वें स्थान पर रहे। इससे पहले उन्होंने 69, 69 और 71 के कार्ड खेले थे। इससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 286 का रहा जिससे वह शीर्ष 20 से खिसककर संयुक्त 59वें स्थान पर रहे। शर्मा दो बर्डी और दो बोगी से 14 होल के बाद इवन पार के स्कोर पर थे लेकिन इसके बाद शॉट ड्रॉप करने से पहले दो दिन के शीर्ष 20 स्थान से नीचे खिसक गए। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर इससे पहले मिश्रित स्पर्धा में कट हासिल करने से चूक गई थीं।

### आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने



**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

## गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, एजेंसी

एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे।



पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

## कतर के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में उतरेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**दोहा।** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के संन्यास लेने के बाद बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी भारतीय फुटबॉल टीम की पहली परीक्षा फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में मंगलवार को यहां कतर जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होगी। छेत्री ने पिछले सप्ताह कोलकाता में कुवैत के खिलाफ अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

भारतीय टीम का नेतृत्व 32 वर्षीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू करेंगे जिन्होंने अभी तक 72 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं तथा छेत्री के संन्यास लेने के बाद 23 सदस्यीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम की दो बार के एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी। भारत को इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। टीम इस बात को अच्छी तरह से समझती है कि इस मैच में पराजय मिलने पर उसकी विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त हो जाएगी। भारत अभी पांच अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है और उसका गोल अंतर -3 है। अफगानिस्तान तीसरे स्थान पर है और उसका गोल अंतर -10 है। कतर ग्रुप के विजेता के रूप में पहले ही तीसरे दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है। यही वजह है कि भारत के खिलाफ मैच के लिए उसने युवा टीम का चयन किया है।

## पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



• ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें।

आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, पोषण विशेषज्ञ, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे प्रणय

सिडनी, एजेंसी

पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी।

पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। समीर वर्मा शुरुआती दौर में इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि रवि सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी



फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। पहले दौर में उनका सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में अश्मिता चालिहा पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से, अनुपमा उपाध्याय मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, समिया इमाद फारूकी जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से और केयूरा मोपाती हमवतन मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी।

## विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज

**पेरिस।** कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।



### नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर लेंगे।

### सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

**पेरिस।** इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

**आज का मौसम**

आसमान में तेज धूप और उमस भरी गर्मी रहेगी।

| 44.0° | 26.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# गन्ने के खेत में कटीले तारों में फंसकर तेंदुए के शावक की मौत

## लगाए गए थे तार, रेस्क्यू के बाद तेंदुआ की मौत, डीएफओ ने किया मुआयना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** गोला वन रेंज की पश्चिमी बीट पुनर्भू ग्रंट में जंगल के किनारे खेत में जानवरों से बचाव के लिए लगे तारों में उलझकर तेंदुआ के एक मादा शावक की मौत हो गई।

वन विभाग की टीम ने तेंदुए को जीवित निकालने का प्रयास किया पर रेस्क्यू के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएफओ ने रेंज कार्यालय पहुंचकर घटना की जानकारी कर वन्य जीवों की सुरक्षा के सख्त निर्देश दिए हैं।

वन रेंज की पुनर्भू ग्रंट की बीट में जंगल की बनी सुरक्षा खाईं से सटे बाल गोविंद वर्मा ने गन्ने के खेत में जानवरों से सुरक्षा के लिए तार लगाए थे। बताया जाता है कि सोमवार सुबह तेंदुए का एक शावक उलझकर फंस गया। खेत मालिक और ग्रामीणों ने सुबह ही इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी।

सूचना पाते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम के वन दरोगा अजीत कुमार श्रीवास्तव, अफजल खान सहित कई वनकर्मी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने तारों में फंसे शावक को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन वे शावक को जीवित रेस्क्यू नहीं कर पाये। बड़ी मशक्कत के बाद उसे तारों से बाहर निकाल पाये तब तक शावक की मौत हो चुकी थी। शावक की मौत की सूचना पर वन विभाग के तमाम अधिकारी रेंज कोठी पहुंचे, जिसमें वनकर्मियों की लापरवाही उजागर हुई है। डीएफओ संजय विस्वाल ने वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए जंगल में गश्त बढ़ाने के सख्त निर्देश वनकर्मियों को दिए हैं।


रेस्क्यू के दौरान जाल में फंसा तेंदुआ का शावक। अमृत विचार

> तेन्दुए के शावक की मौत तार में उलझने से होना प्रतीत हो रही है। शावक की उम्र लगभग 10 माह है और वह मादा है। तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित हैं और कोई घाव के निशान भी नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले में तार कसने से हुई मौत का कारण दर्शाया गया है।
> –संजय बिस्वाल, डीएफओ खीरी।


घटना की जानकारी के लिए वन रेंज पहुंचे डीएफओ। अमृत विचार

### तीन डॉक्टरों की टीम ने किया शावक का पोस्टमार्टम

पुनर्भू ग्रंट में बाल गोविंद वर्मा के खेत में लगे तार में फंसकर एक मादा तेंदुए के शावक की मौत पर तीन डॉक्टरों की टीम में कतर्नियाघाट के डॉ दीपक वर्मा, बांकेगंज के डॉ अंकुर वर्मा और डॉ सुरेशचंद ने एसडीओ अभय प्रताप सिंह, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी विश्व प्रगति निधि भारत दबीर हसन, वाइल्डलाइफ के रोहित रवि की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग के अधिकारी और स्थानीय बीट के अमले की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार रेंज कार्यालय के पास कर दिया गया।

### डीएफओ ने ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की दी सलाह

दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि मादा तेंदुआ का शावक अपनी मां से रास्ता भटकर कर जंगल के बाहर आ गया था। इससे अनुमान है कि मादा तेंदुआ भी आसपास होगी। ऐसे में ग्रामीण जंगल की ओर न जाएं। उन्हें खतरा हो सकता है।साथ ही वनकर्मी भी पूरी मुस्तैदी से जंगल में गश्त करेंगे।

### रेस्क्यू में घायल हुआ वाचर कमलेश कुमार

तेंदुए के शावक को रेस्क्यू करते समय गले में फंसे तार से छुटाते समय शावक के पंजा मार देने से वाचर कमलेश हाथों से जख्मी हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे छुट्टी दे दी।

### समय से पहुंचते वनकर्मी तो बच सकती थी शावक की जान

रेंज की पश्चिमी बीट पुनर्भू ग्रंट में बाल गोविंद वर्मा के खेत में तारों में उलझकर फंसे तेंदुआ के शावक की सूचना खेत मालिक और ग्रामीणों ने वन रेंज के कर्मचारियों को सुबह ही दे दी थी। लेकिन वनकर्मी नौ बजे पहुंचे, तब तक शावक के गले में तार कसता रहा। ग्रामीणों का मानना है कि वनकर्मी अगर समय से पहुंच गए होते तो शावक की जान बच सकती थी।

## मकान से लाखों की चोरी, दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** नगर की भुसौरिया रोड पर चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर तीन हजार रुपये की नगदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिए। तहरीर पुलिस को दी गई है। भुसौरिया रोड निवासी अक्षय कुमार की पत्नी सुनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह परिवार सहित अपने मायके महमदपुर गईं थीं। शनिवार की रात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ कमरे में बक्से में रखे तीन हजार रुपए नगद और सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए हैं। पड़ोसियों की सूचना पर जब वह घर आई तो ताला टूटा देखा दंग रह गई। कमरे में जाकर बक्सा देखा तो नगदी और जेवरात गायब थे। उन्होंने चोरी की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है।

## एसपी ने परखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** एसपी गणेश प्रसाद साहा सोमवार को अचानक कोतवाली सदर पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। खास बात यह है कि निरीक्षण के दौरान कोई खास कमियां नहीं मिली। सामने आईं मामूली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय, हवालात, मालखाना, मेस, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया। विभिन्न रजिस्टर व अभिलेख और उनका रखरखाव देखा। थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई कराने एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव व कोर्ट से निर्णय होने के बाद माल का निस्तारण कराने को कहा। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की। महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए एसपी ने कहा कि फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें। उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराएं। पुलिस की विजिबिलिटी में सुधार, गस्त व सघन चेकिंग और महिला संबंधी अपराधों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।


अभिलेखों को देखते एसपी गणेश प्रसाद साहा

## ड्रोन कैमरों से होगी कुर्बानीस्थलों की निगरानी

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा के त्योहार को मद्दे नजर पुलिस चौकी कुकरा में हुई पीस कमेटी की बैठकों में सीओ ने ताकीद करते हुए कहा कि कुर्बानी स्थलों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई जाएगी। किसी को भी नई परम्परा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पीस कमेटी की बैठक में धर्म गुरुओं से सीओ अजेंद्र यादव, तहसीलदार सुखबीर सिंह, थाना इंचार्ज राजेश कुमार, कुकरा चौकी इंचार्ज केके यादव ने हिदायत के साथ चेतावनी दी कि यदि किसी मदरसे के मुतवल्ली (प्रबंधक) या किसी धर्मगुरु (मौलाना), मस्जिद के इमाम ने कुर्बानी स्थलों पर खुले आम कुर्बानी कर सांप्रदायिक दंगा भड़काने की साजिश रची तो ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में खुशनुमा मस्जिद के इमाम हाफिज अबरार हुसैन सैयद, प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन सिम्मी, इरफान पठान पम्मी, मौलाना सआदत रसूल, मोहम्मद शमीम खान, मौलवी रौनक अली, मौलाना मोहम्मद हनीफ, हाफिज अब्दुल सलाम, हाफिज वली मोहम्मद, मौलाना अनवार आदि मौजूद रहे।


कुकरा की पीस कमेटी की बैठक में बोलते सीओ। अमृत विचार

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** गांव जलालपुर निवासी अब्दुल रहमान पुत्र मदारा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार की शाम साढे छह बजे पड़ोसी मेहंदी पुत्र हुसैनी, आजाद पुत्र चांद बंजारा, नबी हसन पुत्र मेहंदी, रुस्तम पुत्र इमामी रजिंशन गालियां देने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने उसे लाठी डंडों से पीटा। जिसमें उसका सिर फट गया। पुलिस ने चार लोगों के नामजद मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### सहायक प्रबंधक का मोबाइल छीना

**पलिया कलां। अमृत विचार :** खाना खाकर आवास पर जा रहे नगर की एक बैंक के सहायक शाखा प्रबंधक के हाथ से तीन झपटमार मोबाइल छीनकर भाग निकले। नगर की यूनियन बैंक शाखा के असिस्टेंट मैनेजर अक्षय प्रतिहार रविवार देर शाम करीब 10 :30 बजे होटल से खाना खाकर अपने आवास पर जा रहे थे। शहर की बाईपास रोड पर पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए तीन झपटमार युवकों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और भाग गए। उन्होंने कुछ दूर तक शोर मचाते हुए उनका पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ न लगे। पश्चात उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी है।

### जमीनी विवाद में मारपीट दो घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी अन्नू की पत्नी निर्मला देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि अर्जुन पुत्र इतवारी, सोनू, मोनू पुत्रगण अर्जुन और राज ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने उसे लात घूसों से मारा पीटा। बीच बचाव करने आईं कमला देवी पत्नी आसाराम, रविंद्र पुत्र अन्नू को भी उन लोगों ने लाठी डंडो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना में रविंद्र और कमला देवी घायल हो गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती समेत 3 घायल

**भीरा, अमृत विचार :** पीलीभीत के गांव गांव रसूलपुर निवासी सुधीर सिंह (45) पुत्र लखन सिंह अपनी पत्नी अनारकली व पुत्री गीता सिंह को साथ लेकर बाइक से गांव पौथेपुरवा जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे लखीमपुर-भीरा हाईवे पर मुख्य नहर चौराहे पर सामने से आ रही अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से भाग निकला। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, पथराव

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव लोनपुरवा निवासी रामगोपाल दीवार बना रहे थे। तभी पड़ोस के रहने वाले दिनेश कुमार ने दीवार बनने पर ऐतराज जताया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। दोनों पक्ष आपस में गाली गलौज करते हुए भिड़ गए। उनमें जमकर मारपीट होने लगी। इस दौरान खूब लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई की है।

## संदिग्ध हालत में कमरे से मिला सिपाही का शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **किराए के मकान में रहता था सिपाही**

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला बहादुर नगर में किराए से मकान लेकर रह रहे एक सिपाही की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सुबह कमरा न खुलने पर मकान मालिक व आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो सिपाही मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जनपद मऊ निवासी जयनाथ यादव (50) पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी न्यायालय में लगी हुई थी। जयनाथ यादव शहर के ही मोहल्ला बहादुर नगर में किराए से कमरा लेकर रहते थे। सोमवार को उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो जयनाथ का चटाई पर शव पड़ा बरामद हुआ। पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के सिपाही के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि जयनाथ कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में सिपाही की मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे ने छीनी एक परिवार के तीन घरों की खुशियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **शहर से लेकर तेलियार गांव तक मचा कोहराम**

▸▸ **मायके तेलियार गई थी मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला देवी**

**अमृत विचारः** जरा सी असावधानी पूरे परिवार पर भारी पड़ गई। पांच सदस्यों की मौत से शहर से लेकर तेलियार गांव तक कोहराम मचा हुआ है। हंसते-खेलते एक ही परिवार के तीन घरों की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।हादसे के बाद मृतक सुशीला देवी के मायके तेलियार और मोहल्ला ईदगाह में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।

गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए सुशीला श्रीवास्तव दो दिन पहले अपने मायके तेलियार आई थी। उनके भाई बृजेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ मित्तल गांव के कोटेदार हैं। तेलियार से करीब 2 किलोमीटर दूर घाघरा नदी में नहाने गये थे।

साथ में कान्हा और अन्य लोग भी मौज मस्ती करने लगे। वहीं, रील बनाने का के दौरान कान्हा का पैर फिसलने से नदी में जा गिरा। कान्हा को बचाने के लिए सत्यम ने नदी में छलांग लगा दी। वह पानी में डूबने लगा। सत्यम को डूबता देख प्रिया और सुशीला भी नदी में उतर गईं और गहरे पानी में जाने से वह भी डूब गईं।

दोनों को डूबता देखकर नैनी भी नदी में उतर गई, लेकिन तेज बहाव से वह भी खुद को संभाल नहीं सकी और डूबने लगी। नैनी की चीख सुनकर वहां मौजूद ग्रामीण इकठ्ठा हो गये। और जैसे तैसे नैनी को नदी से बाहर निकालकर बचा लिया। हादसे के बाद तेलियार गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया, कि एक बच्चे को बचाने के चक्कर में एक के बाद एक चार लोग डूब गए। हादसे में बची नैनी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।


सुशीला देवी (फाइल फोटो)


टिया (फाइल फोटो)


कान्हा (फाइल फोटो)


सत्यम (फाइल फोटो)

### देखते-देखते नदी में समा गए बुआ भतीजे

**निघासन, अमृत विचार :** कोटेदार बृजेन्द्र श्रीवास्तव का बेटा सत्यम अपनी बुआ सुशीला देवी के साथ काल के गाल में समा गया। उन्होंने बताया कि जरा सा भी यह संदेह नहीं था कि बेटा घर वापस नहीं आएगा। सभी खुशी खुशी घर से निकले थे। ऐसे मौके पर घर के अन्य बच्चे भी कार में सवार होकर चल दिए। यह अनहोनी जिंदगी भर रुलाएगी। इस हादसे में बहुत कुछ खोया है। वहीं नैनी के पिता मंजीत श्रीवास्तव भी बेटी की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं।

### इंस्टाग्राम रील बनाने के चक्कर हुई मौत

**निघासन, अमृत विचार :** बच्चों का सबसे पसंदीदा एप्लिकेशन इंस्टाग्राम भी कभी कभी जानलेवा साबित होता है। आजकल के दौर में रील बनाकर शेयर करने का शौक युवाओं सहित बच्चों के सिर चढ़कर बोल रहा है। सोमवार की सुबह भी रील बनाने के दौरान हादसा हुआ और पांच लोग नदी की लहरों में समां गए।

### दो घरों के बुझे इकलौते चिराग

**निघासन, अमृत विचार :** नदी में डूबा सत्यम अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। दो बहनों में वह सबसे छोटा था। पिता बृजेंद्न श्रीवास्तव उर्फ मित्तल ने बताया कि वह दोनों बेटियों की शादी कर चुके हैं। सत्यम को पढ़ा लिखाकर कुछ काबिल बनाने की चाह में थे, लेकिन कुदरत ने सपनों पर पानी फेर दिया। सत्यम की मां व दोनों बहनों का रोकर हाल बेहाल है। मंजीत श्रीवास्तव के एक पुत्र कान्हा व एक पुत्री नैनी है। इकलौते पुत्र कान्हा की हादसे में जान चली गई। पुत्री भी जिंदगी और मौत से जूझ रही है। उर्वशी उर्फ टिया के पिता सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी दो बेटियां है। जिसमें तान्या घर थी। छोटी बेटी उर्वशी नहाने की जिद में सबके साथ चली आई।

## टूर्नामेंट में तीन टीमों ने दर्ज की जीत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ **वारियर्स क्लब, पिपरिया क्लब व गट्टानी क्रिकेट क्लब ने बनाई बढ़त**

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल गए तीन मैचों में वारियर्स क्लब, पिपरिया क्लब और गट्टानी क्रिकेट क्लब की टीमों ने मैच जीत कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है।

नगर के स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रहे 17वें गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल गए पहले मैच में वारियर्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी कर अमित 15, राहुल 32 की मदद से 97 रन बनाए। जवाब में रॉयल टीम के विशाल जलोटा के 38 रनों के अतिरिक्त कोई खिलाड़ी टिक कर खेल नहीं पाया और वारियर्स क्लब की टीम ने पांच रन से मैच जीत लिया।

दूसरे मैच में पिपरिया क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन लक्ष्य दिया। जवाब में श्रीराजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकडेमी से कमाल अहमद 20 के सिवाय कोई और कमाल नहीं कर पाया। श्रीराजेन्द्र गिरि की टीम महज 67 रन बनाकर ही आलआउट हो गई। पिपरिया क्लब की टीम ने 15 रनों से मैच अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के तीसरे मैच में गट्टानी क्रिकेट क्लब के तनवीर 45, नईम 24 की मदद से टीम ने 113 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में किंग्स इलेवन टीम 100 रन पर ऑलआउट हो गई और गट्टानी क्लब ने 13 रन से मैच जीत कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। पिपरिया क्लब के अज़हर को 32 रन और दो विकेट, गट्टानी क्रिकेट क्लब के तनवीर को 45 रन लेने पर मैंन ऑफ द मैच चुना गया। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा दोनों खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। अंपायरिंग शिवम् अवस्थी, रोहित गुप्ता, अनिकेत वर्मा ने, स्कोरिंग अमन और नदीम ने और कमेंट्री राजेंद्र निषाद और आशू ने की। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, केके शुक्ला, रामगुलाम पांडे, शोभित सिंह, मनोज पाल सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## बिहारीपुरवा को हराकर लुधौरी का ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** स्व. मुनेंद्र पाल यादव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट बिहारी पुरवा में फाइनल मुकाबला लुधौरी और बिहारी पुरवा के बीच खेला गया,जिसमें टॉस जीतकर बिहारी पुरवा की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।लुधौरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। ओपनर ब्रिजेन्द्र सिंह और अभिषेक ने 150 रनों की पार्टनरशिप की। जिसमे ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते बृजेंद्र ने 110 रन बनाये।अभिषेक ने 50 रन बनाकर लुधौरी को 16 ओवर में 269 रन के लक्ष्य पर पहुंचा दिया। इस विशाल स्कोर को भेदने में बिहारी पुरवा 200 रन पर ही सिमट गई। सचिन बिहारी पुरवा ने शानदार 65 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। फाइनल मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए ब्रिजेन्द्र सिंह को मैन ऑफ द मैच मिला। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लुधौरी टीम के कप्तान लकी सिंह 250 रन और 9 विकेट लिए, जिससे उनको मैन ऑफ द सीरीज दिया गया। बेस्ट गेंदबाज अजीजुल रहे।

## सार-संक्षेप

### गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर पिलाया गया शरबत

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मनाकर लोगों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। सोमवार को मोहल्ला कुम्हारन टोला स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर कीर्तन हुआ। अशोक चौराहे पर सिख संगत के लोगों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। नगर की लखीमपुर रोड पर दीप मेडिकल्स, जेएस पेंट्स, अमर मूवीज, बलवीर सिंह, रंजीत सिंह, भगत सिंह आदि ने भी शर्बत वितरण किया।

### फूल बाबा आश्रम पर शिविर लगाकर कराया गया योग


गोला के फूलबाबा आश्रम पर योग करते साधक। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नारी सशक्तिकरण के लिए योग थीम के तहत फूलबाबा आश्रम में प्रतिभागियों के लिए 10 दिवसीय योग शिविर लगाकर योग कराया। योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. डालचन्द, डॉ विभा वर्मा के सानिध्य में योग प्रशिक्षक शशिकान्त दीक्षित ने प्रतिभागियों को योग एवम प्राकृतिक उपचार बताए। बताया कि योग प्रोटोकॉल के साथ सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, सूर्यनमस्कार आदि कराए जा रहे हैं। इस शिविर में योगाचार्य शशिकान्त दीक्षित द्वारा नाद योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन के विषय पर वर्कशॉप के साथ योग सेमिनार में किडनी रोग प्रबन्धन के विषय में जीवन चर्या एवम आहार प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### एनसीसी कैडेट्स ने पलिया चीनी मिल का किया भ्रमण


बजाज चीनी मिल का भ्रमण करते एनसीसी कैडेट्स।

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सहित 11 प्रदेशों से यहां आए 10 दिवसीय एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में मौजूद एनसीसी कैडेट्स ने शुक्रवार को बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया का भ्रमण किया। उन्होंने मिल के यूनिट हेड ओपी चौहान सहित कई अधिकारियों से भेंट कर गन्ने से चीनी बनने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। मिल भ्रमण के दौरान जिज्ञासु कैडेट्स ने मिल अधिकारियों से कई तार्किक प्रश्न पूंछे, जिनका उन्होंने उन्हें समुचित उत्तर दिया। इस अवसर पर कई एनसीसी ऑफिसर्स भी उनके साथ रहे।

**अनदेखी**

**एबी पॉजिटिव एवं ए निगेटिव और पॉजिटव ए की भी नहीं बची यूनिट, थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों व गर्भवतियों की बढ़ सकती है मुसीबत**

# खून की कमी से जूझ रहा ब्लड बैंक, रक्तदाताओं की दरकार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने लगी है। इसमें एबी निगेटिव से लेकर ए पॉजिटिव और निगेटिव ग्रुप का रक्त पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि अन्य ग्रुप के ब्लड की यूनिट भी सीमित संख्या में बची है। इन ग्रुप के मरीजों के तीमारदार ब्लड बैंक से निराश और परेशान होकर लौट रहे हैं। वहीं ब्लड बैंक स्टाफ को खून की कमी पूरी करने के लिए रक्तदाताओं की दरकरार है।

भीषण गर्मी ने ब्लड बैंक स्टाफ की मुसीबतें बढ़ा दी हैं, क्योंकि ऐसी गर्मी में लोग रक्तदान करने से बच रहे हैं। यही वजह है कि पिछले 70 दिन में सिर्फ एक शिविर का ही आयोजन हुआ है। जबकि रोजाना आठ से दस यूनिट ब्लड रोजाना मरीजों को दिया जाता है। इसी वजह से ब्लड बैंक में रक्त का संकट खड़ा हो गया है। एबी निगेटिव से लेकर ए-पॉजिटिव और ए-निगेटिव ग्रुप का ब्लड जहां पूरी तरह खत्म हो चुका है तो वहीं अन्य ग्रुप के यूनिट की संख्या भी सीमित बची है। ब्लड बैंक स्टाफ का कहना है कि इस भीषण गर्मी में लोग रक्तदान करने से बचते हैं। 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस है। रक्तदान करवाते हैं। ऐसे में अब 14 जून का ही सहारा है।



जिला अस्पताल का ब्लड बैंक

### जिला अस्पताल की दूरी बन रही वजह

ब्लड बैंक स्टॉफ ने बताया कि जब ब्लड बैंक शहर में था तो रक्त के अभाव में भी कोई समस्या नहीं होती थी, क्योंकि रक्तदान करने वाले कई युवा अपना मोबाइल नंबर दे जाते थे, जिससे जरूरत पड़ने पर उन्हें बुलवाकर तीमारदारों को ब्लड मुहैया करा दिया जाता था। दिन हो या रात लोग शहर में चले आते थे। मगर, अब लोग दिन में भीषण गर्मी से लेकर रात में 15 किलोमीटर दूर आने से बचते हैं।

### थैलेसीमिया मरीजों से लेकर गर्भवतियों की बढ़ी मुश्किलें

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को 35 से 40 यूनिट ब्लड दिया जा चुका है। वहीं इतनी संख्या ही गर्भवती महिलाओं की है। मगर, वर्तमान समय में ब्लड बैंक में इन तीन ग्रुप का रक्त पूरी तरह से खत्म हो जाने से गर्भवतियों से लेकर थैलेसीमिया मरीजों की मुश्किलें बढ़ गयी है। इस दिन सामाजिक संगठन अनिवार्य रूप से शिविर आयोजित

> कुछ ग्रुप का ब्लड नहीं रहा है। इनकी उपलब्धता बनाए रखने के लिए रक्तदान करने वाले लोगों और संस्थाओं से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही शिविर लगवाकर ब्लड की कमी को दूर कर लिया जाएगा। जिन ग्रुप का ब्लड नहीं है उनके मरीज आने पर संबंधित ग्रुप के रक्तदाताओं से संपर्क कर ब्लड मुहैया कराया जाता है।
> –डॉ. संतोष कुमार मिश्रा, ब्लड बैंक प्रभारी जिला अस्पताल

## बंदर से टकराई बाइक, तीन घायल

**संसारपुर, अमृत विचारः** थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लाल्हापुर के निकट गुरुद्वारा के पास बन्दर से टकराकर बाइक सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए हैं, जिन्हे पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सीएचसी खुटार भिजवाया। गोला खुटार नेशनल हाइवे पर खुटार से गोला की तरफ जा रहे बाइक सवार नन्दकिशोर (42) पुत्र हरिशंकर की बाइक बन्दर से टकरा गई। बाइक चला रहे नन्दकिशोर के साथ बाइक पर पीछे बैठी नौ वर्ष की अंजली देवी तथा पत्नी कमला देवी (40) गंभीर घायल हो गईं। राहगीरों द्वारा जानकारी मिलते ही संसारपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

# नीट रिजल्ट को लेकर भड़के सछास और अभाविप, जमकर किया प्रदर्शन

## डीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा, सीबीआई जांच की उठाई मांग



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते सपा छात्र सभा। अमृत विचार



डीएम कार्यालय के सामने मैदान में प्रदर्शन करते अभाविप।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नीट यूजी व विभिन्न परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी व पेपर लीक होने के विरोध में समाजवादी छात्र सभा व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन किया। मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

समाजवादी छात्र सभा के नेता प्रवीन यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन पहले नीट –यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए आखिर क्या छुपाना चाहती थी। मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच घोर संदेह की स्थिति है। नीट–यूजी के परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थी। इससे यह साफ हो गया है की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी नहीं की थी। जहां तमाम अभ्यर्थियों के एक समान अंक हैं तो वहीं एक ही परीक्षा केंद्र के कई अभ्यर्थियों के एक समान अंक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहे हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी–नेट परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। सछास ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेणू मिश्रा को सौंपकर पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रशांत लाला, सुधाकर लाला, जिला महासचिव संजय वर्मा, चांद बाबू, आफाक गाज़ी, मुनीश राज, अभिषेक चौरसिया, अमित यादव, रावेंद्र सिंह, लवप्रीत सिंह, अनुज कश्यप, सरताज अली, आकाश यादव, ललित वर्मा, शुभम यादव, अनुज गुप्ता, अक्षय कश्यप समेत तमाम छात्र व युवा मौजूद रहे। उधर लखीमपुर- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के आयोजन के दौरान गड़बड़ियों और परीक्षा परिणाम पर उठ रहे सवालों के समाधान के लिए सीबीआई जांच की मांग की। नगर मंत्री शिखर तिवारी ने कहा कि नीट-यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है।, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है।

# ठोकर मारते अधिवक्ता को घसीटते ले गया ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



संकटा देवी चौकी के सामने से अधिवक्ता को घसीटते ले जा रहा ई–रिक्शा

**अमृत विचारः** शहर में बेतरतीब दौड़ रहे ई-रिक्शा चालक कब और किसे ठोकर मार दें। कुछ नहीं कहा जा सकता है। सोमवार को संकटा देवी पुलिस चौकी के सामने एक ई-रिक्शा ने अधिवक्ता को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह ई-रिक्शा के साथ ही करीब 20 मिनट तक सड़क पर घिसटते हुए चले गए। घायल अधिवक्ता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहर में तमाम ई-रिक्शा बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे हैं। साथ ही अधिकतर ई-रिक्शों की स्टेयरिंग अप्रशिक्षित और नाबालिगों के हाथ में देखी जा सकती है। यह चालक बेतरतीब वाहन को चलाते हुए चौकी, कोतवाली आदि के सामने से भी गुजरते हैं, लेकिन पुलिस और यातायात सिपाहियों की नजर उन पर नहीं जाती है। सोमवार को अधिवक्ता धर्मेंद्र तिवारी बाइक से जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार निकले ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह वाहन में ही फंस गए, लेकिन चालक नहीं रुका। ई-रिक्शा अधिवक्ता को संकटा देवी पुलिस चौकी के सामने से करीब बीस मीटर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। बताया जाता है कि ई-रिक्शा पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### पीपल के पत्ते पर प्रधानमंत्री की आकृति उकेर कर दी बधाई



**संवाददाता, रोशननगर। अमृत विचार :** आर्टिस्ट कल्पना तिवारी ने पीपल के पत्ते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकृति उकेर कर उनके लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर सोशल मीडिया पर बधाई दी है। मुस्तफाबाद की शिक्षिका एवं आर्टिस्ट कल्पना तिवारी ने देशवासियों को पीपल के पत्ते पर प्रधानमंत्री की आकृति उकेर कर बधाई दी है। अब तक इन्होंने ने पीपल, मदार के पत्ते, कोल्ड ड्रिंक, अरहर दाल पर चित्र उकेरकर प्रशंसा पाई है।

## सार-संक्षेप

### गुरु अर्जुन देव को किया याद में शरबत पिलाया



लोगों को शरबत पिलाते लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, संपूर्णानगर। अमृत विचार :** सिख समाज के पांचवें गुरु अर्जुन देव महाराज की याद में स्टॉल लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। कस्बे के दवा कारोबारी डॉ. हरजीत सिंह जुनेजा व डॉ. गुरमीत सिंह जुनेजा के संयुक्त तत्वावधान में शरबत वितरण किया गया। स्टाल लगाकर कस्बे से गुजरने वाले राहगीरों, ग्राहकों व कस्बे के व्यापारियों को चने खिलाकर शीतल शरबत एवं शिकंजी पिलाई। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सूरी, अरविंद यादव, लारा, गोविन्द, सचिन, मोहित, गगनपाल, दिनेश आदि ने मौजूद रहकर सेवा की।

### शहीदी दिवस पर लोगों को बांटे पौधे

**संवाददाता, कुकरा। अमृत विचार :** नेकी की दीवार सामाजिक संस्था ने अनोखी मुहिम की शुरुआत की गुरु अर्जनदेव के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा में पौधे वितरित किए हैं। श्री सिंह सभा गुरुद्वारा पूरनपुर में नेकी की दीवार के पदाधिकारियों ने गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर संस्थापक एवं अध्यक्ष ने लोगों से पेड़ लगाने की अपील की, जिसमें समाज में एक अलग अभियान के जरिए लोगों को निशुल्क पेड़ वितरित किए। श्री सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी ने दीवान सजाकर गुरु का लंगर बरता एवं राहगीरों को शर्बत पिलाया। पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अनार, आम, जामुन, अर्जुन, यूकेलिप्टिस, कटहल, आंवला सहित विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण किया। वन विभाग टीम के रेंजर, डिप्टी रेंजर, मुख्य सेवादार रणजीत सिंह, बलजीत सिंह खैरा, हरजिंदर सिंह, नेकी की दीवार के संस्थापक एवं अध्यक्ष गुरमेल सिंह, लखविंदर सिंह, तलविंदर सिंह, अवधेश सिंह, प्रभजोत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरुमंगत सिंह आदि मौजूद रहे।

### तीसरी आंख करेगी तेंदुआ की निगरानी, लगाए गए कैमरे



कैमरे लगाते वन विभाग के कर्मचारी।

**संवाददाता, खमरिया। अमृत विचार :** थाना ईसानगर के गांव टांड पुरवा मजरा कैरातीपुरवा में शनिवार की रात आठ वर्षीय बालिका को मौत के घाट उतारने वाले तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने कवायद तेज कर पिंजरा मंगवाया है। वहीं तेंदुए की लोकेशन जानने के लिए छह कैमरे भी लगाए हैं। शनिवार की रात करीब आठ बजे तेंदुए ने टांड पुरवा निवासी राम लखन की पुत्री सहेली (8) को मार डाला था। धौरहरा वन रेंज अधिकारी एनके चतुर्वेदी ने बताया कि वन विभाग की टीम कांबिंग कर रही है। तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए गांव के आसपास 6 कैमरे लगाए गए हैं। वहीं गांव के पास संभावित लोकेशन पर एक पिजड़ा भी लगाया गया है, जिससे शीघ्र ही तेंदुआ को पकड़ा जा सके। एसडीओ, रेंजर व डिप्टी रेंजर, ने ग्रामीणों को जागरूक किया।

### पचतौर गुरुद्वारा पर हुआ शर्बत वितरण

**संवाददाता, अलीगंज। अमृत विचार :** अलीगंज लखीमपुर रोड पर पचतौर फॉर्म गुरुद्वारा के कमेटी के प्रबंधक द्वारा गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक द्वारा फार्म के गेट पर शरबत, चना लोगों को खिलाये। व्यवस्था में ग्राम प्रधान अवतार सिंह, रविंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, जसवीर सिंह सहित कमेटी के पदाधिकारी और सेवादार लगे रहे।

### नीट परीक्षा का भ्रष्टाचार किया जाए उजागर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा यूजीसी नीट परीक्षा में हो रही अनियमितता एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के विरोध में अशोक चौराहे पर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए सीबीआई जांच की मांग की। इस दौरान नगर मंत्री आशुतोष मिश्र ने कहा कि नीट यूजीसी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में परीक्षार्थियों में गड़बड़ी का संदेह है। इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। नीट परीक्षा परिणाम में जो भी गड़बड़ी एवं भ्रष्टाचार हुआ है, इसके लिए इस पूरे प्रकरण से संबंध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है। जिसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश भर में एक वृहद आंदोलन किया है। मांग की गई कि इस परीक्षा परिणाम की सीबीआई जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। विरोध प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री कुंजबिहारी शुक्ला, पटेल सुशील वर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सचिन राज, नगर मंत्री आशुतोष मिश्र, अक्षत यादव, आदर्श वर्मा, दीपांशु सिंह, अथर्व पांडे, शशांक शुक्ला, दिनेश यादव, हर्ष भारद्वाज, हर्षित मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मगरमच्छ के हमले से किसान घायल, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में तटबंध के किनारे पानी भरते समय मगरमच्छ ने किसान पर पर हमला कर दिया और उसे खींचकर पानी के अंदर ले जाने की कोशिश करने लगा। शोरगुल पर पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडे चलाकर किसी तरह से किसान को मगरमच्छ के चंगुल से बचाया। सूचना पर पहुंचे परिवार वाले उसे सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव श्रीनगर निवासी कमलेश चौहान (28) सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में गन्ने की फसल की सिंचाई करने गया था। बोरिंग पर इंजन पंखा बांधने के बाद वह बोरिंग में पानी डालने के लिए वह तटबंध किनारे पानी भरने गया था। अचानक मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह से मगरमच्छ के चंगुल से युवक को छुड़ाया। हमले में उसके दोनों पैर व हाथ में गहरे घाव हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग घायल किसान को सीएचसी फूलबेहड़ ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। डिप्टी रेंजर संजय आजाद ने बताया कि इस समय कोर्ट आये हुए है। मामले की जानकारी नही मिली है।

# भीषण गर्मी का प्रकोप, उल्टी-दस्त के बढ़े मरीज

- जिला अस्पताल में सोमवार को 1527 लोगों ने कराया पंजीकरण
- चिल्ड्रन वार्ड में उल्टी दस्त व बुखार पीड़ित दस बच्चे हुए भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



औषधि वितरण काउंटर पर दवा लेने के लिए लाइन में खड़े मरीज व तीमारदार।

**अमृत विचारः** गर्मी का प्रकोप चरम पर है। इसकी चपेट में आने के कारण जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है।सोमवार को 1527 नए पंजीकरण हुए। जबकि करीब 500 से 700 पुराने पर्चे पर मरीज देखे गए। इनमें सबसे ज्यादा मरीज उल्टी दस्त से लेकर बुखार और पेट दर्द से पीड़ित थे। गर्मी का आलम यह है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया।

भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत को नासाज कर रहा है। गर्मी की चपेट में आकर बच्चों से लेकर बड़े ओर बुजुर्ग जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें 60 से 65 प्रतिशत मरीज उल्टी, दस्त से लेकर बुखार और पेट दर्द से पीड़ित है। सोमवार को पर्चा काउंटर पर दोपहर 12 बजे तक लोग लाइन में लगे रहे। एक बजे तक 1527 लोगों ने पंजीकरण कराकर पर्चा बनवाया। इसके बाद ओपीडी में डॉक्टर को दिखाकर दवाएं ली। फिजीशियन डॉ. रोहित पाठक बताते है कि इस समय अधिकतर मरीज डायरिया, उल्टी, बुखार से लेकर दस्त के आ रहे हैं। इसकी वजह तेज धूप और गर्म हवाओं के साथा दूषित पेयजल और खान पान है। गर्मी से जाकर ठंडा पानी पीना, एसी से बार बार बाहर निकलकर गर्मी में जाना, बाजार में आइस्क्रीम खाना, कोल्ड ड्रिंक व पना आदि पीना यह सब बीमारियों की वजह बन रहा है। उधर, चिल्ड्रन वार्ड में दस नए पीड़ित बच्चे आने से वार्ड में भर्ती बच्चों की संख्या 18 हो गई। इसमें 14 बच्चे उल्टी-दस्त, बुखार व उल्टी से लेकर डायरिया के है। रेडियोलाजिस्ट डॉ. पुष्कार ने बताया कि गर्मी की वजह से पेट दर्द के मरीज बढ़े हैं। इससे अल्ट्रासाउंड की जांच प्रतिदिन 100 से 150 हो रही हैं, जबकि पहले 70 से 80 होती थी। पेट दर्द पर डॉक्टर अल्ट्रासाउंड लिख रहे हैं, लेकिन जांच में कुछ नहीं निकलता। इस पर मरीजों को गर्मी से बचाव से लेकर संतुलित और पौष्टिक खान पान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## मुंबई में हुआ इंटरनेशनल डिजिटल डेंटिस्ट्री सम्मेलन

- जिले के दो दंत चिकित्सकों ने की सहभागिता
- कार्यशाला में नवीन दंत चिकित्सा पद्धति की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डिजिटल डेंटिस्ट्री सोसाइटी एवं इंटरनेशनल और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यशाला मुंबई में हुई। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इंटरनेशनल डिजिटल डेंटिस्ट्री कांफ्रेंस में जिले के दो दंत चिकित्सक शामिल हुए।

दंत चिकित्सक डॉ. संजय मेल्होत्रा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में दंत चिकित्सा पर विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सा के लिए डिजिटल दंत चिकित्सा एक क्रांतिकारी पहल है। इसमें मरीजों को पहले से अधिक तेज़, सटीक और कम से कम परेशानी उठाकर सफल और कामयाब इलाज उपलब्ध होगा। सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, इटली, इजरायल, स्विट्जरलैंड आदि देशों से आए दंत चिकित्सका के विशेषज्ञों ने नवीनतम दंत चिकित्सा और उसके सफल क्रियान्वन के बारे में जानकारी साझा की। इसमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव एवं सचिव डॉ. अशोक धोबले, लखीमपुर के डॉ. अरनव सहित अन्य तमाम दंत चिकित्सक शामिल हुए।

# वकीलों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** सीएचसी अधीक्षक पर कार्रवाई के लिए तहसील में वकीलों का क्रमिक अनशन सातवें दिन भी जारी है। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान न दिया गया तो भूख हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

तहसील के अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव चार जून से सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर क्रमिक अनशन कर रहे हैं उनके साथ तहसील के तमाम अधिवक्ता भी कंधे से कंधा मिलाये हैं। सोमवार को अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार के खिलाफ शासन द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती और डॉ गणेश कुमार के बैंक खातों की जांच सुनिश्चित नहीं की जाएगी तब तक अनशन जारी रहेगा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन का अड़ियल रवैए रहा तो अधिवक्ता भूख हड़ताल करने को विवश होंगे। जिले की समस्त तहसीलों व जिले के अधिवक्ताओं से भी भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध चल रहे आंदोलन में सहयोग मांगा गया है। क्रमिक अनशन पर मनोज श्रीवास्तव के समर्थन में अधिवक्ता लालबिहारी वर्मा, सुरेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, प्रदीप सिंह काजल, नरेंद्र शुक्ला, राजेश गिरि, केके शुक्ला, जितेंद्र वर्मा, प्रमोद गुप्ता, इश्तियाक उल्ला खान, हरिनाम पांडे, संतकुमार भारती, जयप्रकाश वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ट्रक और टैंकर में भिड़ंत, वाहन क्षतिग्रस्त

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : लखीमपुर–शारदा नगर मार्ग पर गांव तेतारपुर के सामने ट्रक और टैंकर की आमने सामने टक्कर हो गई। इसी बीच सामने से आ रहे सदर विधायक की कार भी टकरा गई। गमीनत रही कार सवार किसी को कोई चोट नहीं आई। कार मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त टैंकर और ट्रक को सड़क से हटवाया।

# यूनिट से अधिक राशन न देने पर वितरक को पीटा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** खाद्यान्न वितरण की दुकान पर यूनिट से अधिक राशन न देने पर मोहल्ले के दबंगों ने कोटा वितरक की पिटाई और चेहरे पर चाकू से वार कर घायल कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी गौरव वर्मा पुत्र अखिलेश कुमार वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार की शाम को वह मोहल्ला नीची भूड़ वार्ड नंबर 25 में अपने कोटा पर वितरण कर रहा था, उसी समय नीची भूड़ निवासी बहार, अरहान पुत्र इसरार बेग, इसरारबेग पुत्र इमाम बेग, सेखू पुत्र हमीदुल्ला आए और कोटा वितरण में बाधा करते हुए उससे विवाद करने लगे और जबरदस्ती यूनिट के निर्धारित राशन से अधिक राशन देने की मांग करने लगे। मना किया तब वह उस पर हमलावर हो गए और लाठी डंडों से पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। अरहान ने उसके चेहरे पर धारदार चाकू से वार कर दिया। जिससे उसका चेहरा लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# राशन कार्ड धारकों को करानी होगी ई–केवाईसी

- नगर क्षेत्र में 29059 व ग्रामीण क्षेत्र में 2812568 हैं लाभार्थी
- 30 जून तक अनिवार्य रूप से करानी होगी ई-केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** राशनकार्ड धारकों का सत्यापन होगा, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित हैं। सत्यापन उन सब का होगा, जिनके राशन कार्ड पर नाम अंकित है। सत्यापन का कार्य कोटेदारों को करना होगा। निर्धारित समय तक सत्यापन न होने पर लाभार्थियों को अगले माह कार्ड पर राशन नहीं मिलेगा। जिले में पात्र गृहस्थी से लेकर अन्त्योदय कार्ड धारकों की नगर क्षेत्र में संख्या 295059 है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में 2812568 है। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि सरवर में दिक्कत होने की वजह से पहले राशन का वितरण होगा और उसके बाद ई-केवाईसी होगी। साथ ही सत्यापन की तारीख बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है।

जिले में पात्र गृहस्थी से लेकर अंत्योदय लाभार्थियों की संख्या 31,07,627 है। इन सभी को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मुफ्त में गेंहू और चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन ने आने वाले दिनों में सस्ता राशन लेने के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है। राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक व्यक्ति को कोटेदार के पास जाकर अपना बायोमीट्रिक सत्यापन कराना होगा। इसके लिए सभी को कोटे की दुकान पर जाकर ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। वहीं ई-केवाईसी न कराने वालों के नाम राशन कार्ड से हटा दिए जाएंगे, जिससे उन्हें सस्ते राशन का लाभ नहीं मिलेगा।

**इस लिए जरूरी है ई-केवाईसी**

राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति (यूनिट) को ई–केवाईसी करानी होगी, क्योंकि तमाम ऐसे लोग राशन का लाभ ले रहे हैं जो दूसरे जिलों में रह रहे हैं फिर मर चुके हैं और जरूरतमंद बाजार से महंगा गेंहू और चावल खरीदने के लिए मजबूर हैं। ई–केवाईसी के लिए आधार और मोबाइल नंबर लेकर जाना होगा। ऐसे में तमाम लोगों के नाम हटने से जरूरतमंदों को सस्ते राशन का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

**बढ़ सकती है सत्यापन की तिथि**

राशन कार्ड में जितने भी सदस्य शामिल हैं उन सभी की ई–केवाईसी होगी। उचित दर विक्रेता के पास जाकर सबका अंगूठा ई–पॉस मशीन में लगने के बाद ही ई–केवाईसी पूर्ण होगी, जिसकी तिथि 30 जून निर्धारित है। सरवर सही से काम न करने की वजह से पहले राशन वितरण होगा और उसके बाद ई–केवाईसी। सत्यापन की तिथि बढ़ने की भी संभावना है।

–अंजनी कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वर्ष–2022, रजिस्ट्रेशन नं0– 92396 का ए0 एन0 एम0 प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।– **अंजना पुत्री राम सिंह, निवासी– ग्राम–शीतलपुर, पो0– कुसमरा, हमीरपुर मो0न0–9794973363**

सर्वविदित हो कि कुछ दस्तावेजों पर मेरा नाम विजय लक्ष्मी अंकित है परन्तु आधार कार्ड में मेरा नाम विजय लक्ष्मी वैश्य (पत्नी श्री सूरज प्रकाश वैश्य, नि. म. सं. 184 – 185, आशियाना, कानपुर रोड, लखनऊ– 226012) दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विजय लक्ष्मी वैश्य के नाम से जाना – पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद यूसुफ पुत्र स्व0 अलादीन, निवासी ग्राम– मुगलखेडा मजरा जमोलिया थाना रहीमाबाद परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरे चार पुत्र है मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इस्तियाक व मोहम्मद अदीम व चार पुत्रियों नगमा बानो, नजमा बानो, उजमा बानो व रिजवाना है। जिसमे से मोहम्मद इरशाद का व्यवहार व चाल चलन एवं आचरण अपने परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैं आत्यधिक शारीरिक व मानसिक रूप से पीड़ित रहता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर पुत्र मोहम्मद इरशाद के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।अब मेरा उससे किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। वह अपने समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा

**NOTICE**

I, Govind ji Rastogi, son of late. B.C. Rastogi, R/o Mohalla Jankipuram, Lucknow, am severing all ties with my son Shivam and daughter-in-law Shaili as they have fallen into bad company and also evict them from my all movable and immovable properties. Both of them will be responsible for any of their act in future. Govind ji Rastogi, S/o late. B.C. Rastogi, R/o 645/009-A, Near Lucknow University New Campus, 60 Feet Road, Jankipuram Extension, Lucknow, Uttar Pradesh 220021

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **बाबूलाल पुत्र श्री जगनू, निवासी– ग्राम गौझीहार रूसेना परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** मैं अपने पुत्र नीरज व बहू पूनम देवी दोनो से काफी परेशान हूँ यह दोनो मेरी कोई बात नहीं मानते और अपनी मनमानी करते है तथा उल्टे सीधे कार्य करते है अपने पुत्र नीरज में बहू पूनम देवी से परेशान होकर इन दोनो को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और अब आज के बाद से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा यह लोग कोई भी अच्छा बुरा कार्य करते है तो उसकी सारी जिम्मेदारी इन दोनो की होगी है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217188087 वास्तव में खो गया है। – **मोहम्मद यासीन, पुत्र श्री मुनव्वर अली मोहल्ला काजीपुरा उत्तरी पोस्ट आफिस प्रधान डाकघर बहराइच, थाना कोतवाली नगर, वशीरगंज पुलिस चौकी बहराइच जनपद बहराइच, पिन कोड 271801**

**सूचना**

सूचित किया किया जाता है कि मेरा नाम **सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद निवासी ग्राम– चिलौली, पो0– बिराहिमपुर बेल्हौरा, जिला– बहराइच, यूपी पिनकोड 271903** है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

# शार्टसर्किट से जला मीटर, जलापूर्ति समेत कामकाज ठप

## पालिका में हुआ हादसा, पानी के लिए हजारों लोगों को उठानी पड़ी परेशानी, टैक्स जमा करने पहुंचे लोग लौटे बैरंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिसर में लगा बिजली का मीटर शार्ट सर्किट के कारण रविवार दोपहर जल गया। जिससे पालिका की बिजली प्रभावित हो गई। बिजली न आने के कारण पश्चिमी क्षेत्र को जलापूर्ति नहीं हो सकी। जिससे हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं सोमवार को बिजली न आने से पालिका कर्मी बाहर खड़े रहे। वहीं आदर्श नगर पंप हाउस में भी मोटर की केबिल जलने से रविवार की दोपहर से सोमवार की शाम जलापूर्ति बाधित रही।

पालिका पंप हाउस से सीताराम कालोनी से लेकर गोपीनाथपुरम तक जलापूर्ति सुबह-शाम होती है। रविवार दोपहर विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान अचानक शार्ट सर्किट होने से मीटर फुंक गया। जिस कारण पंप हाउस नहीं चालू हो सका और पश्चिमी क्षेत्र के दर्जनों मोहल्लों को जलापूर्ति नहीं हो पाई। क्षेत्र में पानी न पहुंचने से गर्मी में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जल कल प्रभारी पंकज कुमार ने इसकी जानकारी पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय एवं ईओ मुकेश मिश्रा के साथ बिजली विभाग को दी। अध्यक्ष के निर्देश के बाद जलकल प्रभारी ने शाम 6 बजे मीटर और केबिल बदलने के बाद बाधित जलापूर्ति सुचारू करायी। जिसके बाद पश्चिमी क्षेत्र की जलापूर्ति चालू हो सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं भीषण गर्मी में पानी न मिलने पर हजारों लोग परेशान हो गये। वहीं तमाम लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर हुये।


पंप हाउस का जला पड़ा मीटर।


बिजली न आने से टैक्स जमा करने वाले लोग व कर्मचारी बाहर खड़े रहे।


आग से जला सामान देखते लोग। अमृत विचार

### पालिका का कामकाज रहा ठप

मीटर फुंकने के कारण सोमवार को पालिका में टैक्स नहीं जमा हो सके, जिससे पालिका के बाबू बाहर खड़े रहे। वहीं टैक्स जमा करने पहुंचे लोग भी घंटों इंतजार करते रहे। जिसके बाद वापस लौट गये।

### आदर्श नगर पंप हाउस की जली केबिल

आदर्श नगर पंप हाउस में भी केबिल जलने के कारण पानी की सप्लाई सोमवार शाम तक बंद रही। जलकल प्रभारी ने बताया कि शाम तक केबिल बदल कर पंप हाउस से बाधित पानी की सप्लाई चालू कर दी गई।

# शार्टसर्किट से लगी आग, तीन दुकानों का सामान राख

संवाददाता सफीपुर,उन्नाव

- फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**अमृत विचार।** शार्टसर्किट होने से आग लगने से तीन दुकानें जल गईं। जिनमें रखे फ्रिज, कोल्ड ड्रिंक्स, मिष्ठान सामग्री सहित किराने का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कोतवाली क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी रमेश पुत्र देवी सहाय व कल्लू पुत्र लल्लू की भैंसहरा चौराहे पर मिष्ठान की दुकाने हैं। वहीं, गांव के मुन्नी लाल पुत्र नन्हक्के की किराने की दुकान है। जिनमें रविवार देररात दो बजे कल्लू की दुकान में शार्टसर्किट होने से आग लग गई। जहां पास में सो रहे कल्लू का छोटा पुत्र अभिषेक ने जैसे ही आग की लपटों को देखा, वह वहां से बाहर निकला और बगल की दुकान में अपने मजदूरों के साथ लेटा रमेश का छोटा पुत्र अखिलेश यादव ने बाहर निकल अपने मजदूरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटें तेज होने के कारण आग पर काबू न पा सके। आग की लपटें देख आस पास के लोगों ने गांव में ही निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र पहुंचकर वहां के लोगों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची दमकल की गाड़ी ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तीनों दुकानों में रखा लाखों रुपयों का सारा सामान जलकर राख हो गया। वही रमेश की दुकान में रखे तीन फ्रिज,कल्लू की दुकान में लगा फ्रिज एवं भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक की बोतले और मिष्ठान तथा मुन्नी लाल की किराने की दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया।

# किराया मांगने पर किरायेदार ने चलाये ईंट-पत्थर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- मकान मालिक ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- ईंट-पत्थर चलाने पर कई लोग बाल-बाल बचे

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथपुरम में किराया मांगने पर किरायेदार ने ईंट पत्थर चला दिये। जिससे कई लोग बाल बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं मकान मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गोपीनाथपुरम निवासी श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपना मकान एक युवक को दे रखा था, जिसने मकान में पानी का प्लांट लगा रखा था। इधर कई माह से बिजली का बिल और किराया नहीं दिया और मकान से सामान भी धीरे-धीरे ले जा रहा था। जानकारी होने पर सोमवार सुबह वह पहुंचे और उससे किराये के पैसे मांगे। जिस पर वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुये ईंट पत्थर चला दिये। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर दी है।


लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार


धरने पर बैठे लोग। अमृत विचार

# मांस की दुकानें हटाने की दी चेतावनी

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा नगर पंचायत के बेगमगंज में शिव मंदिर के पास खुले में मांस बिक्री को लेकर पश्चिम टोला के समाजिक कार्यकर्ता तमाम लोगों के साथ धरने पर बैठने पर ईओ ने मांस विक्रेताओं को अपनी दुकानें हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

बता दें कि मंदिर मोहल्ला बेगमगंज में शिव मंदिर के पास मुर्गा मंडी लगती है। जहां खुलेआम मांस काटकर बेचा जाता है। इसकी शिकायत कई बार नगर पंचायत प्रशासन और एसडीएम से स्थानीय लोगों द्वारा की गई। नगर पंचायत ने इनको नोटिस भी दी थी। लेकिन खुले में मांस बिक्री पर रोक नहीं लगी। क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार इसे लेकर धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी मिलने पर ईओ संदीप कुमार पुलिस के साथ पहुंचे और दुकानें हटाने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी यदि दोबारा यहां दुकानें लगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान पति ने दबंगों पर मारपीट का लगाया आरोप

**औरास।** थानाक्षेत्र के अलीपुर मिचलौला गांव निवासी प्रधान पति मंशाराम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव में लगने वाली बाजार में वह सब्जी लेने गया था।

तभी गांव के हरदयाल पुत्र रतनू, ऋषि पुत्र हरदयाल व आर्यन पुत्र अज्ञात निवासी रामपुर राई, लाली पुत्र रामबाबू के साथ गालियां देते हुए मारपीट कर रहे थे। बीच-बचाव करने गए प्रधान पति मंशाराम आदि ने अभद्र भाषा प्रयोग करते हुए मारपीट की।

मारपीट की खबर सुन पहुंची उसकी पत्नी कौशल्या को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित प्रधान पति ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर दबंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ललता खेड़ा गांव में रविवार देर रात पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडें चले। जिसमें महिला समेत आधा दर्जन लोगों को चोटें आई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ललता खेड़ा निवासी राम किशन और छतरपाल में पुराना विवाद चला आ रहा है। उसी को लेकर छतरपाल रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे गाली गलौज करने लगा। जिसका रामकिशन और उसके भाई रामप्रसाद ने विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान छतरपाल अपने पूरे परिवार के साथ लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसका और उसके भाई का सिर फट गया। वहीं घर की महिलाओं को भी चोटें आई। मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गये।

रामकिशन ने कार्यवाही को लेकर छतर पाल, आनंद, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा। वहीं दूसरे पक्ष से रंजीता ने रामकिशन, राम प्रसाद समेत उनकी पत्नी के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की है।


मारपीट में घायल राम किशन और राम प्रसाद। अमृत विचार


मारपीट में घायल दंपति। अमृत विचार

### दबंगों ने दंपति पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी कंजौरा में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार देर रात दबंगों ने पति पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें पति का सिर फट गया। वहीं पत्नी भी घायल हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिये भेजा है। बनी कंजौरा गांव निवासी सूरज ने बताया कि उसकी गांव निवासी संजय से पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार रात आठ बजे वह अपने घर के पास बैठा था तभी संजय गालीलगौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया तो संजय, राहुल व उसकी पत्नी ने कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख पत्नी कोमल बीच बचाव करने पहुंची तो उसे भी मारा पीटा। घायलावस्था में दोनों कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बालिका ने अगवा करने के प्रयास का लगाया आरोप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- ताइक्वांडो सीखने जा रही बालिका को अगवा करने का बाइक सवारों ने किया प्रयास

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सरैयां हनुमंत विहार में रहने वाली एक बालिका सोमवार सुबह स्टेडियम में ताइक्वांडो सीखने जा रही थी। आरोप है कि तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया और अगवा करने का प्रयास किया। किसी तरह वह वहां से बचकर भागी। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी।

सरैयां हनुमंत विहार निवासी विनोद कुमार ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी की 10 वर्षीय बेटी पलक उर्फ आकांक्षा रावत सोमवार सुबह ताइक्वांडो सीखने के लिये सरैयां स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में उसे दो बाइक सवार युवकों ने रोक लिया और उसके मुंह रुमाल से बांधने लगे। जिस पर उसने एक युवक को लात मार दी। वहीं दूसरे युवक के हाथों में काटते हुये शोर मचाकर भाग कर घर पहुंची। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# आग से झुलसी युवती कानपुर से लखनऊ रेफर

**पुरवा।** दही थानाक्षेत्र के गांव गौरा निवासी रामखेलावन की 24 वर्षीय बेटी पूनम रविवार रात पुरवा क्षेत्र के गांव सकरन आई थी। जहां वह संदिग्ध परिस्थिति में आग की चपेट में आ गई थी। इस पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया गया था।

सोमवार को उसे गंभीर देख हैलट से केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लुटेरों ने युवक से नकदी व मोबाइल लूटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार देररात दुकान बंद कर घर जा रहे युवक को हाजीपुर गांव स्थित बसधना पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया। आरोप है कि इस दौरान वे उससे 5000 रुपये व मोबाइल लूटकर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।


लूट होने की जानकारी देता युवक।

सफीपुर के पखरौरा गांव निवासी अनुज पुत्र राम सागर गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गरेरे पुरवा में सीमेंट के गमला व दीवार बनाने का काम करता है। रविवार रात लगभग नौ बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहा था, तभी हाजीपुर के बसधना पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गया। आरोप है कि इस दौरान लुटेरों ने उससे मारपीट करते हुये उसकी जेब में रखे पांच हजार की नकदी, एक महंगा मोबाइल लूट कर भाग निकले। उसने लूट की जानकारी हाजीपुर पुलिस चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### सड़क के किनारे खड़ी की बाइक, लुटेरा लेकर भागा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के ऋषि नगर निवासी एक युवक रविवार देर रात मरहला चौराहे की ओर जा रहा था, तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिस पर वह बाइक को सड़क के किनारे खड़ा कर बैठ गया। इसी दौरान एक लुटेरा बाइक लेकर भाग निकला। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। ऋषि नगर निवासी राजकिशोर द्विवेदी का बेटा दीपांशु द्विवेदी ने बताया कि वह रविवार रात करीब साढ़े दस बजे अपनी बाइक लेकर मरहला चौराहा की ओर जा रहा था, तभी फोरलेन स्थित धोबिन पुलिया के पास उसकी तबियत बिगड़ गई। इस पर वह बाइक को सड़क के किनारे खड़ी कर वहीं बैठ गया। यह देख एक लुटेरा उसके पास पहुंचा और उसकी बाइक स्टार्ट कर भागने लगा। उसने शोर मचाया। जिस पर आस पास के लोग दौड़े और लुटेरे का पीछा किया लेकिन वह तेजी से भाग निकला। दीपांशु ने बताया कि बाइक में टंगे बैग में उसका महंगा मोबाइल भी रखा था, वह भी लुटेरा लेकर भाग निकला। पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

## सार-संक्षेप


राजधानी मार्ग पर राहगीरों को शर्बत पिलाते आयोजक। अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में शर्बत पीकर राहत की सांस ली। ऋषि नगर निवासी अंकित शुक्ला और उमेश शुक्ला ने अपने पिता स्व. उमाशंकर शुक्ला की पुण्यतिथि पर राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शर्बत वितरण दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा।

### सती अनुसुइया की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुये श्रोता

**शुक्लागंज उन्नाव।** कंचन नगर बी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को भागवत कथा में सती अनुसुइया की कथा का रसपान कराया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। पं. आशुतोष अवस्थी महाराज ने कहा कि नारद जी ने लक्ष्मी, पार्वती व ब्राह्माणी के पास माता सती अनुसुइया की प्रशंसा की। एक स्त्री दूसरी स्त्री की तारीफ नहीं सुन सकती। इस पर लक्ष्मी ने विष्णु को, पार्वती ने शिव को व ब्राह्माणी ने ब्रह्मा जी को माता सती अनुसुइया की परीक्षा लेने के लिए भेजा। तीनों साधू रूप धारण का माता अनुसुइया के पास अलख जगाते हैं कि माता हमें भोजन करवाओ। हम कई दिन के भूखे हैं। माता उन्हें घर में ले गई और भोजन की व्यवस्था करने लगी। इस मौके पर मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी के अलावा तमाम भक्त मौजूद रहे।


श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पं. आशुतोष अवस्थी।

### घर में घुसे चोरों को दौड़ाकर पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव में रविवार देर रात एक मकान में तीन चोर घुस गये। जहां आहट होने पर ग्रामीणों ने दो चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं एक चोर मौके से भाग निकला। गजिया खेड़ा गांव में रहने वाले अशोक के घर में रविवार रात करीब नौ बजे तीन चोर घुस गये। आहट होने पर उन्होंने शोर मचाया। जिस पर चोर भागने लगे। ग्रामीणों ने चोरों को काफी दूर तक दौड़ा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने दो चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं एक चोर मौके से भाग निकला। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पकड़े गये चोरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

परेशानी

दूग्ध वाहन की वजह से लगा जाम, सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम

# नवीन पुल पर दो घंटे तक लगा भीषण जाम, बिलबिलाये लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह कानपुर ड्यूटी जाने के लिये लोग अपने अपने वाहनों से निकले, जिससे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह जाम हटवाया। इस दौरान दो घंटे जाम की स्थिति बनी रही।

सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे कानपुर ड्यूटी जाने के लिये लोग बाइक, कार, साइकिल, टेंपो, ई-रिक्शा से निकले। जिससे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया। इस बीच सीताराम कॉलोनी मोड़ के पास से एक दूग्ध वाहन निकलने लगा। जिससे एक ओर का यातायात रुक गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें आ गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया।

कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख मौजूद गंगाघाट पुलिस ने किसी तरह मशक्कत कर आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया, जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुए। इस दौरान करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार गर्मी में बिलबिला उठे।


नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार


भीषण जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

### संकरे रास्ते और ई बस के कारण रोज लगता है जाम

नवीन पुल के संकरे रास्ते और ई बस के चलने के कारण आय दिन जाम लग रहा है, कई बार क्षेत्रीय लोगों ने चौड़ीकरण करने की मांग की है। इसके बाद अभी तक चौड़ीकरण नहीं हुआ है। जिस कारण रोजाना सुबह, दोपहर, शाम से लेकर देर रात तक जाम की स्थिति बन रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# उन्नाव जंक्शन अब बनेगा अमृत स्टेशन, ध्वस्तीकरण हुआ शुरू

## अधिकारी स्थानीय स्तर पर नहीं बना रहे कैंप कार्यालय, लखनऊ से ही दे रहे निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव जंक्शन को अमृत स्टेशन बनाने का काम शुरू होने से अब इसके आधुनिकीकरण की उम्मीदें बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा इसके लिये ध्वस्तीकरण का काम भी शुरू करवा दिया गया है। हालांकि, इस योजना का लखनऊ में बैठकर ही अधिकारी क्रियान्वयन करा रहे हैं। जिससे काम तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। निर्माण से पहले ध्वस्तीकरण तो शुरू हुआ है लेकिन, किस्तों में स्टाफ क्वार्टर गिराए जा रहे हैं। इसके बाद प्लेटफार्म-एक पर संचालित आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रीशियन कक्ष ध्वस्त होंगे। अंत में मुख्य भवन को नया लुक देने के लिहाज से आवश्यकतानुसार तोड़फोड़ की जाएगी।

पिछले साल अमृत योजना की आधारशिला रखी गई थी। रेल मंत्रालय की वरीयता में अयोध्या सहित उसी रूट के अन्य स्टेशनों को विकसित बनाना शामिल था, जिससे इधर कोई तवज्जो नहीं दी गई। पिछले माह मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति द्वारा अपनी टीम के साथ यहां निरीक्षण किया था। इसके बाद अब स्टेशन परिसर के पास बने आवासीय भवनों का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है। साथ ही आरपीएफ बैरक से लेकर पूछताछ कार्यालय के पीछे तक बिछाई गई इंटरलाकिंग को भी उखाड़ दिया गया है। कुछ आवासीय भवन सहित स्वच्छता स्टोर व आरक्षण केंद्र (टिकट घर) को ध्वस्त किया जाना बाकी है। माना जा रहा है कि टिकट बिक्री जारी रखते हुए अमृत स्टेशन का नवनिर्माण करने के लिए पहले नया आरक्षण केंद्र बनाकर तैयार करने के बाद भी ध्वस्तीकरण किया जा सकता है। इसी तरह आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रिशियन कक्ष की छतों को भी गिराया जा सकता है। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर एक पर बने प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय सहित कुछ अन्य पुराने बने कक्षों की छतें भी बारिश में टपकती है। इसलिए इन्हें भी ध्वस्तीकरण की जद में लिया जाएगा। स्टाफ सहित अन्य लोग खुलकर बोलने के बजाए दबी जबान स्थानीय स्तर पर कैंप किए बिना निर्माण कार्य की सही मानीटरिंग न होने की बात स्वीकार करते हैं।


जीआरपी थाने के पीछे ढहाए गए भवन। अमृत विचार


आरपीएफ बैरक से पूछताछ कार्यालय के पीछे तक उखाड़ी गई इंटरलॉकिंग।

● गति नहीं पकड़ पा रहा है ध्वस्तीकरण व निर्माण कार्य

## सफीपुर बार एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर तहसील में कार्यरत बाबूओं, कर्मचारियों व लेखपालों की कार्यशैली से परेशान होकर सफीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपतेंद्र सिंह व महामंत्री श्याम सुंदर यादव ने अधिवक्ताओं के साथ चार सूत्रीय प्रस्ताव को एसडीएम से अवगत कराया।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष यसपत्येंद्र सिंह द्वारा दिए गए चार सूत्रीय प्रस्ताव में एसडीएम को बताया गया कि तहसील कार्यालय में बाबुओं व नायब तहसीलदार का बोलबाला है। जहां वह अपनी मनमानी करते हैं और वे किसी कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं लेखपालों पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपाल द्वारा जानबूझकर जांच लंबित की गई हैं। जिससे वर्षों से मुकदमे लंबित पड़े हैं। आरोप लगाया कि तहसील सफीपुर में न्यायालय में कई ऐसी फाइलें हैं जिसमें बात सुनने के बाद सुविधा शुल्क न मिलने पर आज तक उन पत्रावलियों में आदेश नहीं किये गये। वहीं यह भी बताया कि न्यायालय में तैनात कर्मचारी व निजी कर्मचारियों द्वारा पत्रवलियों का आदेश अधिवक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

## लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत शेखपुर नहर के पास मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक की बाइक में लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहा युवक उछलकर लोडर के पहिए के नीचे आकर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहंच कर पुलिस ने जांच पड़ताल की ।


अरविंद किशोर।

बिहार थानांतर्गत सिघनी सोहरामऊ गांव के मूल निवासी अरविंद किशोर (48) पुत्र राम आसरे परिवार के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर मोहल्ले में रहते थे। वह पुरवा क्षेत्र के बाजीखेड़ा गांव में सीमेंट व सरिया की दुकान किए थे। सोमवार सुबह वह दुकान जाने से पहले मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर दर्शन करने गए थे। वहां से लौटते समय शेखपुर नहर के पास पीछे से आए लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह उछलकर सड़क पर गिर गए और तेज गति से चल रहे लोडर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और परिजनों को इसकी जानकारी दी। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● गोकुल बाबा मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

### कार की टक्कर से ठेला चालक हुआ घायल

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के सरांय जामी मोहल्ला निवासी शिवम (18) बाग से कच्चे आम ठेले में लादकर लौट रहा था। तभी परियर से आई कार ने कस्बा के पास उसके ठेले में टक्कर मार दी। इसमें शिवम को गंभीर चोट आ गई और उसका ठेला क्षतिग्रस्त होने के साथ कच्चे आम सड़क पर फैलकर खराब हो गए। इसी दौरान मौका पाकर चालक कार लेकर भाग निकला। लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि शिवम दही थानांतर्गत गांव नदौली का निवासी है। यहां वह अपनी मौसी के घर आया था।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष व उसके पिता को पीटा

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत नाली का गंदा पानी बहाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद पड़ोसी गांव के लोगों ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष व उसके की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। उन्हें बचाने के लिए ग्रामीणों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र के बनिगांव निवासी रामप्रकाश पांडेय, उनका बेटा सौरभ अलग-अलग क्षेत्र के भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। सौरभ अपने पिता और भाई निधीश के साथ गांव के मजरा पुरैनीखेड़ा में अपने खेत गया था। जहां गांव के सुंदरलाल के घर की नाली का गंदा पानी उनके खेत में बह रहा था। इसका विरोध करने पर राम प्रकाश व सुंदरलाल में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सुंदरलाल का बेटा मनीष अपने पांच साथियों के साथ आया और मारपीट शुरू की दी। शोर सुन खेतों में काम कर रहे ग्रामीण उन्हें बचाने दौड़े तो हमलावर वहां से भाग निकले। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से राम प्रकाश को जिला अस्पताल भेजा गया। एसएचओ ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

## डीसीए की टीम ने बाराबंकी को हराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** यूपीसीए द्वारा खेल सत्र 2024-25 के लिए लखनऊ में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए न बीसीए टीम को पहले मैच में 103 रन के अंतर से शिकस्त दी। विजेता डीसीए टीम बल्लेबाजी में ही नहीं गेंदबाजी में भी प्रतिद्वंदी टीम पर भारी साबित हुई।

बाराबंकी के कप्तान ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इसलिए बल्लेबाजी करने उतारी जिले की टीम ने निर्धारित 45 ओवर बैटिंग करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाने में कामयाबी प्राप्त कर ली। इसमें नवरतन ने नाबाद पारी खेलते हुए जहां 55 गेंद का सामना कर 62 रन बनाए। वहीं अंश पटेल 66 गेंद खेलते हुए टीम के लिए 56 रन की पारी खेली। इसी तरह आयुष 33 रन और उज्जवल चौधरी ने 25 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाराबंकी की टीम मात्र 109 रन बनाकर ढेर हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज बहुत देर तक क्रीज पर डटकर प्रतिद्वंदी गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। वहीं उन्नाव की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश राठौर ने तीन, सचिन कुमार व संदीप यादव ने दो-दो बल्लेबाजों को पवेलियन वापस भेजा। इसी तरह शिवम यादव, सुमित यादव व अनमोल पांडेय ने भी एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। डीसीए महासचिव पीके मिश्र ने बताया कि जिले की टीम का अगला मैच मंगलवार को हरदोई से होगा।


विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

● लखनऊ में खेली जा रही है मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

## डिवाइडर से टकरा कर पलटी बाइक दो भाई घायल

**बांगरमऊ।** पड़ोसी ज़िला हरदोई के गांव मोहब्बत पुर निवासी अनूप कुमार (35) अपने बड़े भाई अरुण कुमार के साथ बाइक से जरूरी काम से लखनऊ गया था। वापस लौटते समय बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को गांव ढोलौवां के सामने तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें बाइक सवार अनूप और उसका बड़ा भाई अरुण सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## हादसों को दावत दे रहे खुले में रखे ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर व अन्य क्षेत्र में जगह-जगह विभागीय लापरवाही से खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहे हैं। सड़क किनारे लगे इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे हो भी हो चुके हैं। आने वाले बारिश के दिनों में करंट उतरने का खतरा भी बना रहता है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे इन ट्रांसफार्मर के आसपास के लोगों में हादसे को लेकर हमेशा भय बना रहता है।

बता दें कि रोड किनारे लगे ट्रांसफार्मरों से होने वाले हादसों को बचाने के लिये शासन ने इन्हें सेफ्टी गार्ड से कवर करने के निर्देश दिये थे। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी इस ओर गंभीर नहीं हैं और आमजनमानस के लिये यह ट्रांसफार्मर खतरा बने हुए हैं। शहर स्थित कचहरी के पास, मोती नगर, कृष्णा नगर, पीतांबर नगर, आवास विकास कालोनी, कल्याणी, सिविल लाइन्स समेत कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खुले में रखे हैं। इन ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली न होने से इनके आसपास खुले व टूटे बिजली के तार सड़क पर पड़े रहते हैं। जिनसे कभी भी हादसा हो सकता है। राहगीरों को मजबूरी में वहां से गुजरना पड़ता है। गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों से चिंगारी निकलना व स्पार्किंग होना आम बात है। कभी कभी ट्रांसफार्मरों से निकलने वाली एक छोटी सी चिगारी भी बड़ा रूप ले सकती है।



शहर में रोड किनारे खुले में रखा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

अधिशाषी अभियंता विद्युत प्रथम हेमेंद्र सिंह ने बताया कि काफी ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली लगाई गई है चुनाव के कारण कार्य रुक गया था। अगर कोई रह गया है तो उसमें भी जाली लगवा दी जाएगी।

### बारिश के मौसम में होता है ज्यादा खतरा

बारिश में जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर में अक्सर करंट उतरने की शिकायतें आती हैं। कई बार ट्रांसफार्मर के लटके तारों में करंट आने से घटनाएं भी हो चुकी हैं। कई पशुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ चुका है। क्षेत्र की जनता ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार खुले में रखे ट्रांसफार्मर की शिकायत की। लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नही दे दिया और अभी तक जाली नहीं लगाई गई है।

## पशुपालक रोड पर कब्जा करके बांध रहे मवेशी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सरकार जहां एक ओर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अधिकारियों को स्वच्छता के लिए नए-नए निर्देश लागू कर नगर व गांव को साफ सुथरा रखने का कार्य कर रही है। वहीं इसके विपरीत नगर के पशुपालक मवेशियों को मार्ग में ही बांध कर गंदगी कर रहे हैं।

नगर पालिका बांगरमऊ अंतर्गत मोहल्ला कटरा सहित अधिकांश मोहल्लों में मार्ग में बांधे गए मवेशियों के चलते गलियों में गंदगी का अंबार लगा है। पालिका द्वारा पशुपालकों को नोटिस जारी करने के बावजूद वे अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्ग पर मवेशी बांधने से बाज नहीं आ रहे हैं। अभी कुछ माह पूर्व नागरिकों की शिकायत पर मार्ग में बंधे मवेशियों को हटाने पहुंची पालिका टीम के साथ पशुपालक राजू व संजय यादव ने गाली-गलौज करने के साथ मारपीट करने पर भी अमादा हो चुके हैं। तब जान बचाकर भागे पालिका कर्मियों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

### बोले जिम्मेदार

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि इस बारे में तहसीलदार बांगरमऊ से बात हुई है। लेकिन, तहसील प्रशासन द्वारा भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। बताया कि जल्द ही अतिक्रमणकारी पशुपालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत बसैना ललऊखेड़ा गांव में एक साल की विवाहिता को फंदे से लटका देख परिजन उसे उतारकर लोहचा सीएचसी लाए। जहां डाक्टर के उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा और बेटी को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया।


सलोनी देवी।

अचलगंज थानाक्षेत्र के गौरी त्रिभनापुर गांव निवासी दिव्यांग नरेंद्र कुमार ने बताया कि उसने अपनी बेटी सलोनी देवी (20) की शादी इसी थानाक्षेत्र के बसैना ललऊखेड़ा गांव निवासी जीतू से आठ मई-2023 में की थी। बताया कि बेटी के ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे दो लाख रुपये और फ्रिज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। रविवार शाम बेटी से मारपीट कर ससुरालियों ने उसे फंदे से लटका दिया और मौत होने पर उसे सीएचसी लाए। सूचना पर वे लोग पहुंचे और बेटी की हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को दी। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की बात सामने आई है। पिता ने दामाद जीतू सहित ससुर, सास पुन्नी व ननद प्रियंका सहित अन्य ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● दहेज में दो लाख रुपये न देने पर मारपीट कर फंदे से लटकाने का आरोप

## तीन दिन से लापता युवक का शव खंती में मिला

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत मौसी के घर जाने की बात कहकर निकला युवक अचानक लापता हो गया। सोमवार को उसका शव सड़क किनारे खंती में मिला परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने आशंका जताई है।

बेहटा मुजावर थानांतर्गत गौरिया कला गांव निवासी शुभम (25) फरीदाबाद में मजदूरी करता था। डेढ़ माह पहले वह घर लौट कर आया था और शनिवार को उसे वापस जाना था। बीती आठ जून की सुबह वह पड़ोसी गांव अरगूपुर अपनी मौसी के घर गया गया था। दोपहर को वह दोस्त से मिलने की बात कहकर मौसी के घर से निकला था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने नौ जून को थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह थानाक्षेत्र के अरगूपुर गांव से गौरिया जाने वाली रोड किनारे गहरी खंती में उसका शव पड़ा देख वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। उसकी बाइक वहीं क्षतिग्रस्त हालत में उसके ऊपर पड़ी थी। परिजनों ने बताया कि गले में सूजन होने के साथ कमर के पास खून का रिसाव हो रहा था। वहीं एसओ फूल सिंह ने हादसे में उसकी मौत होने की संभावना जताई है। भाई शिवम ने बताया कि शुभम की फरवरी में शिवानी से शादी हुई थी।

## शिक्षकों ने डीएम को बताईं अपनी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** प्राथमिक शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) का प्रतिनिधि मंडल डीएम गौरांग राठी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने दो अलग-अलग पत्र सौंपकर जहां शिक्षकों के अवशेष देयों का भुगतान कराने की मांग की। वहीं मनमाने ढंग से निरीक्षण के नाम पर शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेतन रोकने की शिकायत भी की।

प्रतिनिधि मंडल की ओर से दिए गए पत्र में बताया गया है कि शिक्षकों ने अवशेष देय (एरियर) भुगतान के लिए मानव संपदा पोर्टल पर आवेदन किया था। मनमाने ढंग से अवशेष देय का भुगतान करने के बजाए आवेदन विलंबित रखे गए। बाद में भुगतान की तिथि बितते ही भुगतान मद में शासन से उपलब्ध कराया गया बजट वापस कर दिया गया। शिक्षक नेताओं ने डीएम को बताया कि भुगतान से वंचित शिक्षकों द्वारा जानकारी देने पर लेखाधिकारी से साक्ष्यों सहित वार्ता करते हुए प्रत्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

इसलिए संबंधित प्रकरण को संज्ञान में लेकर अवशेष देयों का भुगतान कराया जाए। इसी तरह शासन के निर्देशों को दरकिनार करते हुए निरीक्षण के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं को अनुपस्थित दिखाते हुए वेतन कटौती के आदेश जारी किए जाते हैं।

● एरियर का भुगतान न कर बजट लौटाने व नियम विरुद्ध वेतन कटौती का लगाया आरोप

समस्या | अपनी क्षतिग्रस्त बसों को वर्कशाप तक लाने के लिये कानपुर का लेना पड़ता है सहारा

## एक क्रेन के लिए जद्दोजहद कर रहा विभाग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग इन दिनों खस्ताहाल बसों की समस्या से जूझ रहा है। रास्ते में खराब होने वाली बसों की मरम्मत करने के लिए डिपो के पास स्टोर ट्रक और बस को वर्कशॉप तक खींचकर लाने के लिए क्रेन भी नहीं है। जरूरत होने पर कानपुर से क्रेन मंगाई जाती है। और कुछ पुरानी बसों को नया दिखाने के लिए रंग पेंटिंग करवाकर भी लोकल मार्गो पर चलाया जा रहा है।

परिवहन विभाग के उन्नाव डिपो के माध्यम से जिले में अलग-अलग रूटों पर 89 बसों का संचालन हो रहा है। इसमें से कई बसें जर्जर हैं। विभाग सिर्फ रंग पेंटिंग करवा कर लोकल रूटों पर चला रहा है। बसें पुरानी होने से अक्सर खराबी आ जाती है। रास्ते में बस खराब होने से भीषण गर्मी में यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। वर्कशाप में स्टोर ट्रक न होने से बस को मौके पर (खराबी वाले स्थान पर) ठीक नहीं किया जा सकता है। यात्रियों को दूसरी बसों से भेजा जाता है। इसके बाद रीजनल आफिस से क्रेन मंगवाकर या दूसरी रोडवेज बस भेजकर खराब बस को वर्कशाप पहुंचाया जाता है। नियमानुसार डिपो में एक स्टोर ट्रक और क्रेन वर्कशॉप में होना जरूरी है।



दही क्षेत्र स्थित रोडवेज वर्कशाप में कंडम खड़ी बस। अमृत विचार

● नियमानुसार डिपो में एक स्टोर ट्रक और क्रेन वर्कशॉप में होना जरूरी

### बोले जिम्मेदार

एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यालय पर पत्र भेजकर क्रेन की मांग की गई है। वहां से क्रेन मिलने पर समस्या दूर हो जाएगी। कहा कि जर्जर बसें कोई नहीं हैं सभी सही चल रही हैं। वहीं, बस खराब होने पर यात्रियों की समस्या का ध्यान रखा जाता है।

## पेंशन के लिए आधार प्रमाणीकरण अत्यंत जरूरी

**उन्नाव।** पति की मृत्यु के बाद निराश्रित (विधवा) पेंशन के लाभार्थियों को अगले दो दिन में बैंक शाखा पहुंचकर अपना आधार प्रमाणीकरण करा लेना चाहिए।

अन्यथा उनके बैंक खातों में पेंशन की धनराशि नहीं पहुंच सकेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पेंशन राशि का भुगतान आनलाइन किया जाना है। इसके लिए आधार प्रमाणीकरण कराया जाना आवश्यक है। प्रमाणीकरण कराने के लिए लाभार्थियों को बैंक पास बुक व आधार कार्ड लेकर बैंक शाखा पहुंचना होगा और इसे जल्द से जल्द कराने की अति आवश्यकता है।

## मौसम ने ली करवट, लोगों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पूरे दिन आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे लोगों को तेज धूप व लू के साथ गर्मी से राहत मिली । वातावरण में उमस बनी रहने से मौसम के जानकार बारिश होने की संभावना जता रहे हैं।

मौसम के मिजाज बीते काफी दिनों से तल्ख बने हैं। जिससे लोगों की रातों की नींद व दिन का चैन हराम है। सोमवार को बारिश भले नहीं हुई लेकिन लगभग पूरे दिन आसमान पर बादल छाए रहे। इससे घरों से बाहर आवाजाही करने वालों को धूप के साथ गर्म हवाओं का सामना भी नहीं करना पड़ा। यह बात दूसरी है कि उमस के चलते लोग पसीने से सराबोर होते रहे।


दोपहर के समय आसमान पर छाये बादल। अमृत विचार

● किसान व बागान मालिकों को सिंचाई के लिए बारिश की है दरकार

वहीं हवा के हल्के झोंके लोगों को काफी सकून पहुंचाते रहे। साथ ही कहीं आसपास ही बारिश होने का अनुमान लगाया जाता रहा। मौसम के बदलाव को देखते हुए लोग अब कभी भी बारिश शुरू होने की उम्मीद लगा रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह बारिश की शुरुआत होना तय है। हालांकि अधिकांश किसान धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि बारिश हो जाने पर न सिर्फ नर्सरी में तैयार हो रहे पौधों को संजीवनी मिलेगी, बल्कि खेतों में पानी भरते ही बेढ़ की रोपाई भी शुरू हो जायेगी।

## एक नजर

### कलेक्ट्रेट के गेट नंबर-1 पर खड़ी कार से हुई चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** गली-मोहल्लों से बाहर निकले चोर इतने शातिर हो गए कि कलेक्ट्रेट को निशाना बनाने से उनके हाथ ज़रा भी नहीं कांपे, वहां खड़ी कार का शीशा तोड़ कर उसमें रखा बैग पार कर दिया। सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई वारदात से वहां खलबली मची हुई है। कोतवाली शहर के मोहल्ला व्हाइट गंज निवासी सैय्यद इफ्तिखारुज़्ज़मा पुत्र सैय्यद सलाउद्दीन सोमवार को अपनी कार से कलेक्ट्रेट पहुंचे। पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंनें अपनी कार कलेक्ट्रेट के गेट नंबर-1 पर खड़ी की थी और उसके बाद अपने काम से अंदर चले गए, लेकिन जब वापस लौटे तो देखा कि कार का पिछला शीशा टूटा हुआ था और उसमें अंदर रखा बैग गायब था। बैग में लैपटाप, चेकबुक, बिल और चार हज़ार रुपयें के अलावा और भी सामान था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चोरी होना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के मुताबिक जांच की जा रही है।

### ससुराल जा रहे अधेड़ की नहर में डूबकर मौत

**संडीला, हरदोई।** थाना मल्लावा के भगवंत नगर निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि उसके भाई विजय कुमार (55) को कम दिखाई देता था। शनिवार को वह अपनी ससुराल संडीला जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन अंधेरे में नहर में गिरकर उनकी मौत हो गई। काफी खोजबीन की गयी, परंतु कुछ पता नहीं चला। सोमवार को सोशल मीडिया से पता चला कि संडीला क्षेत्र में सेंट थेरेसा बाईपास नहर में शव मिला देखा गया। उनकी शिनाख्त उसके भाई के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### उद्योग बंधु की बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार ने बताया कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में 11 जून को अपरान्ह चार बजे आयोजित की गई है।

# अधूरे आवास बारिश से पहले कराए जाएं पूरे

## जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण किया जाये। एक सप्ताह के अंदर निस्तारण न होने पर सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी की जवाबदेही तय की जाये। प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाये। अधूरे मकानों का निर्माण बारिश के पहले पूरा किया जाये। भरावन, मल्लावां, संडीला विकास खण्ड में आवास निर्माण की धीमी



डीएम मंगला प्रसाद सिंह।

प्रगति को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए एक टाइम टेबल बनाया जाये। अपात्रों को आवास हेतु चयनित करने के मामले में जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने निर्देशित किया कि अवशेष मॉडल शॉप क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाये। इस सम्बन्ध में उन्होंने उपायुक्त मनरेगा को फोटो युक्त आख्या प्राप्त करने के निर्देश दिए। नीलम नदी के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि कार्य की नियमित समीक्षा की जाये। एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए कहा कि महिला समूह गठन के कार्य की लगातार समीक्षा की जाये। नियमानुसार व लक्ष्य के अनुरूप लखपति दीदी के चिन्हीकरण का कार्य कराया जाये। खण्ड विकास अधिकारी सीआरपी के साथ बैठक कर कार्य की समीक्षा करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पीडी डीआरडीए गजेन्द्र तिवारी, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मनरेगा योजना में बढ़ाई जाए महिला सहभागिता

मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि मानव दिवस सृजन की स्थिति में सुधार लाया जाये। अहिरोरी की ख़राब प्रगति पर नाराजगी जताई। कहा कि योजना में महिला सहभागिता बढ़ाई जाये। सुरसा कछोना व बावन के खण्ड विकास अधिकारियों से कम महिला सहभागिता को लेकर नाराजगी जताई। ख़राब सहभागिता वाले सबंधित एपीओ व रोजगार सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भुगतान की स्थिति में सुधार लाया जाये।

### गौशालाओं की व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश

पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माणाधीन पंचायत घरों का निर्माण जल्द पूरा किया जाये। अंत्येष्टि स्थलों का शेष कार्य शीघ्र पूरा किया जाये। आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर कार्य प्रारम्भ कराया जाये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मॉडल विलेज़ के मानकों का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाये। आरआरसी सेंटरों के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये। गौशालाओं की व्यवस्था में सुधार किया जाये। 24 घंटे कम से कम एक केयर टेकर की तैनाती सुनिश्चित की जाये।

# सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी में आया अधेड़ सड़क पार कर रहा था, उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। जिससे बुरी तरह जख्मी हुए अधेड़ को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार की रात उसकी 100वें दिन मौत हो गई।

बताते चले कि करीब चार महीने पहले 1 मार्च को बेहटा गोकुल थाने के हसनापुर निवासी गुड्डू (50) कोतवाली शहर के त्यौरा बावन रोड पर सड़क पार कर रहा था, उसी बीच उधर से निकली बाइक ने उसे टक्कर मार दी। उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां रविवार की रात को इलाज के दौरान उसकी 100 वें दिन मौत हो गई। गुड्डू अपनी किसी रिश्तेदारी में आया हुआ था। वह खेती-बाड़ी कर पत्नी व दो बच्चों का पालन पोषण कर रहा था। कोतवाली शहर पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### तीन माह से चल रहे इलाज में खर्च हो गया सारा पैसा

सड़क हादसे में घायल गुड्डू का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। पत्नी ने बताया कि उसने जोड़-बटोर कर कुछ पैसे इकट्ठा किए थे, लेकिन इलाज में सब खर्च हो गए। उसके अलावा कुछ कर्ज भी ले रखा था, लेकिन सारा कुछ खर्च हो गया। अब तो खाने के भी लाले पड़ गए हैं। घर के खर्च के लिए एक आना भी नहीं बचा। अब बच्चों की परवरिश कैसे होगी।

# अलग-अलग दो किशोरियों को भगा ले जाने का केस दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के दो अलग-अलग स्थानों से किशोरियों को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के एक मोहल्ले निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 8 जून को बाजार जाने के निकली थी, लेकिन लौट कर नहीं आई है, उसका मोबाइल भी बंद जा रहा है। बताया कि उसका परिचित फर्रुखाबाद निवासी युवक प्रिंस दिसंबर 2023 में घर आया था, तब से वह उसकी पुत्री से बात करता था। वही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है।

दूसरी घटना में क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री मां के साथ 6 जून की गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। मां को गन्ने के खेत के बाहर छोड़ कर वह खेत में शौच के लिए चली गई। उसने पुत्री को बहुत तलाश किया। पड़ोसी गांव का युवक विश्वजीत उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि पीड़ितों के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बकरीद पर घरों में करें कुर्बानी, खुले में न फेंकें अवशेष

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बकरीद के त्योहार को लेकर प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सभासद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने कहा बकरीद का त्योहार मिलजुल कर आपसी सौहार्द से मनाएं। त्योहार पर कुर्बानी की जाती है, लेकिन इस कुर्बानी को सभी लोग घर के अंदर करें। खुले में कुर्बानी न करें, जिससे माहौल खराब न हो। कुर्बानी वाले पशुओं के अवशेष खुले में मत फेंके। कहा



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा। अमृत विचार

कि शाहाबाद गंगा जमुनी तहजीब का शहर है। यहां के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे के त्योहार मनाते हैं। यहां पर अभी तक कोई भी शिकायत सामने नहीं आई है, इसलिए सभी लोग आने वाले त्योहार को भी आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। प्रतिबंधित पशुओं की कुरबानी न करें। शिकायत मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। आप सभी लोग सजग रहने वाले लोग हैं अपने आसपास रहने वाले अराजक तत्वों पर नजर रखें। त्योहार में किसी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर सहित क्षेत्र में चाइनीज मांझे से बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए लोगों को सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर एसएसआई अमित सिंह, उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा सहित तौकीर खां, मजहर खां प्रधान, विनोद कुमार, यदुवीर, मस्जिदों के इमाम सहित सभासद और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

वहीं बिलग्राम कोतवाली में भी शांति समिति की बैठक हुई। उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह ने मौजूद क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोगों से आपसी भाईचारे के साथ बकरीद का त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि बकरीद को पारंपरिक रूप से ही मनाये कोई नयी परंपरा या रस्म न डालें। ताकि कोई वाद विवाद पैदा न हो। किसी भी अनहोनी की आशंका होते ही प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं ताकि समय से उसका निदान किया जा सके। सफाई व्यवस्था विद्युत आपूर्ति व सुरक्षा को लेकर सारे इंतजाम कर लिये गए हैं। कहा कि प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी किसी भी हालत में न की जाये साथ ही जानवरों के अवशेषों को नाली वगैरह में न बहने दें। सोशल मीडिया पर कुर्बानी आदि की तस्वीरें वायरल करना भी अपराध है। सभी लोग सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के साथ बकरीद का त्योहार को मनाएं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी शशिप्रभा चौधरी, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# जेई एडवांस में अश्मित ने मारी बाजी

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड के गांव रसूलापुर निवासी महेन्द्र सिंह के बेटे अश्मित सिंह ने आईआईटी जेई एडवांस परीक्षा परिणाम में 5830वीं रैंक हासिल की। बताया कि कोई भी कठिन रास्ता मेहनत के बलबूते तय किया जा सकता है। शुरू से ही वह माता-पिता के सपनों को करने के लिए जुट गया। इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है।

होनहार छात्र के पिता उच्च प्राथमिक स्कूल रूइया में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात हैं। बड़ा भाई उत्कर्ष पटेल भी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। अश्मित ने घर पर ही रहकर तैयारी की और सफलता हासिल की है। छात्र की सफलता



अश्मित सिंह को मिठाई खिलता पिता। अमृत विचार

को लेकर लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य केके शर्मा व गुरुजनों ने छात्र को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया है। परिवार के जेपी कनौजिया, हेमन्त, विजयपाल सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।

वहीं जिले के ब्लॉक व गांव हरियावा निवासी आशमन शुक्ला ने पहले ही प्रयास में आईआईटी मेंस परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। आदेश शुक्ला व पल्लवी शुक्ला के बेटे आशमान ने वर्ष 2024 में 12वीं की परीक्षा के साथ आईआईटी की परीक्षा दी और अपने पहले ही प्रयास में आईआईटी मैंस व एडवांस क्वालीफाई कर लिया। बेटे की कामयाबी पर माता-पिता बेहद खुश हैं।

## तीसरा बड़ा मंगल आज आयोजित होंगे भंडारे

**हरदोई, अमृत विचार।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार पर श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ेगा। इसको लेकर तैयारियां को अमली जामा पहना लिया गया है। महाबली हनुमान के मंदिरों में जहां भक्तों की धूम मचेगी, वहीं विभिन्न स्थानों पर भंडारा का आयोजन होगा। ज्येष्ठ का महीना भीषण गर्मी और तपिश के लिए जाना जाता है, वहीं महाबली हनुमान की विशेष पूजा अर्चना के लिए यह जाना जाता है। विशेष कर इस महीने के मंगलवार को तो श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ता है। तीसरे मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलेगा। कोई साधक शर्बत का प्रसाद तो कोई बूंदी का प्रसाद तो अन्य साधक पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण करेंगे।

# ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ की मौत, कई लोग घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ-पलिया हाई-वे पर सवारियां लेकर जा रहा ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उस पर सवार लोग नीचे दब गए। किसी तरह से उन्हे बाहर निकाला गया, जिसमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई लोग ज़ख्मी हो गए। जिन्हें सीएचसी कछौना में भर्ती कराया गया है।

सण्डीला कोतवाली के परेन्दा निवासी गिरीश सोमवार को अपने परिवार के साथ पहुंतेरा स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी दौरान लखनऊ-पलिया हाई-वे पर सुन्नी गांव के पास एकाएक ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उस पर सवार



लोग नीचे दब गए। हादसा होता देख लोग दौड़ पड़े। जिन्होंने ई-रिक्शे के नीचे दबे हुए लोगों को ज़ख्मी हालत में बाहर निकाला। जिसमें गिरीश के अलावा 36 वर्षीय छोटी पत्नी मिश्रीलाल, 38 वर्षीय मिश्रीलाल और दो बच्चे शामिल थे। हादसे में ज़ख्मी गिरीश की वहीं मौत हो गई, जबकि ज़ख्मी लोगों को कछौना सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गए। मज़दूरी पेशा गिरीश की माली हालत ठीक नहीं है। हादसे में उसकी मौत होने की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप



शिविर में जानकारी देतीं महिला जिला प्रभारी विनीता पांडेय। अमृत विचार

### योग शिविर में सिखाए गए विभिन्न आसन

**हरदोई, अमृत विचार।** डाल सिंह मेमोरियल में समर कैंप के तहत अस्तित्व फाउंडेशन के नेतृत्व में पतंजलि महिला समिति की महिला जिला प्रभारी विनीता पांडे एवं सहयोगी बहनों के साथ योग शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन करके किया। जिसमें योगिन जॉगिंग की क्रियाएं, सूक्ष्म आसन खड़े और बैठने वाले सिखाए गए। जिसमें ताड़ासन लंबाई बढ़ाने के लिए ताड़ासन कमर के लिए, पदहस्तान पेट कम करने के लिए, पश्चिमोत्तानासम मोटापा कम करने के लिए आदि आसान सिखाए गए। संगठन मंत्री संजय श्रीवास्तव, सह संगठन मंत्री मीनू सैनी, मुख्य योग शिक्षिका बीना त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी एवं योग शिक्षिका कंचन गुप्ता सभी ने मिलकर योग की क्रियाएं करवाई। जिसमें अध्यापिकाएं बेटियों एवं बच्चों ने योग के सूक्ष्म आसान किया। अस्तित्व फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्त की टीम ने पूरा-पूरा सहयोग किया।

### पथरी के दर्द से बेहाल युवती ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** पथरी के चलते पेट में हो रहे दर्द से बेहाल युवती से रहा नहीं गया तो उसने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच कर रही है। सोमवार की सुबह मझिला थाने के सहिजना मजरा रोहतापुर निवासी रामनिवास की 19 वर्षीय पुत्री श्रुतकीर्ति ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा ली। काफी देर बाद जब कमरे के अंदर से उसकी कोई आहट नहीं मिली तो घर वालों ने आवाज़ लगाई, कमरें में झांक कर देखा गया तो वहां श्रुतकीर्ति का शव फांसी पर लटकता हुआ दिखाई दिया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। पिता रामनिवास का कहना था कि श्रुतकीर्ति के पेट में पथरी थी, जिस वजह से उसके पेट में होने वाले दर्द से तड़पती रहती थी। रामनिवास ने बताया कि उसी दर्द से बेहाल हो चुकी श्रुति कीर्ति ने ऐसा कदम उठाया। उधर एसएचओ मझिला सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने पेट दर्द से बेहाल होने पर युवती द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है, फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने बैंक व एटीएम सुरक्षा का लिया जायजा

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बैंकों की सुरक्षा व अपराधियों पर निगरानी के लिए अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सोमवार को जनपद के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा कम उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये।

# जामुन के पेड़ कटवाने पर मालिक व ठेकेदार पर केस

संवाददाता, कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज व वन रेंज कछौना के अन्तर्गत रामपुर प्रतापपुर सम्पर्क मार्ग पर हरे भरे जामुन के पेड़ काटे गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर वन क्षेत्राधिकारी वन रेंज कछौना ने की कार्रवाई की है। पेड़ मालिक के साथ ही लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ केस दायर कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के रामपुर प्रतापपुर सम्पर्क मार्ग पर खड़े जामुन के एक हरे भरे विशालकाय पेड़ को लकड़ी ठेकेदारों ने दिन दहाड़े काट दिया, जिससे आसपास क्षेत्र के रहने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी हुई, क्योंकि इस भीषण गर्मी में उनके बच्चे इसी पेड़ के नीचे रहकर गर्मी से राहत पाते थें, लोगों ने इस कटान का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल कर दिया, जिसके बाद नींद से जागे वन विभाग ने पेड़ मालिक सहित लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ केस दायर किया।



### समर कैंप के तीसरे दिन बेटियों ने दिखाई प्रतिभा

**हरदोई, अमृत विचार।** बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने आरआर इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप के सोमवार को तीसरे दिन कलश सज्जा, क्राफ्ट, डांस, मेहंदी, मार्शल आर्ट के शिक्षकों ने बच्चों को अपने-अपने विषय को समझाया व सिखाया। प्रदेश अध्यक्ष श्रेया गुप्ता ने बच्चों को समर कैंप की उपयोगिता और बेटियों के लिए यह स्वर्णिम अवसर की विशेषता को समझाया। बहादुर बेटियां फाउंडेशन की संस्थापक कुसुम लता रेशमा गुप्ता व सरंक्षक डॉ. चित्रा मिश्रा ने बच्चों से मन लगाकर सीखने को कहा। समर कैंप के प्रथम दिन में मुख्य रूप से माधवी श्रीवास्तव, नीलम जिंदल, गीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## गोदाम से चोरी करते हुए तीन लोगों को पकड़ा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के सिरोमन नगर मार्ग पर पेप्सी की गोदाम में एजेंसी मालिक ने तीन चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सूचना पर 112 नंबर पुलिस के पहुंचने तक दो चोर भाग निकले। जबकि एक को 112 नंबर पुलिस कोतवाली लेकर आई है। कस्बे के शिरोमन नगर मार्ग पर मजार के सामने ताजपुरा मोहल्ला निवासी राशिद खां की पेप्सी कोल्ड ड्रिंक की गोदाम है। सोमवार को गोदाम में चोरी करते हुए हिमांशू, अयान और एक अज्ञात को पकड़ लिया। अयान और एक अज्ञात चोर भागने में सफल रहे।

जागरूकता

## द मिलियन फार्मर्स (किसान पाठशाला) एवं ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी का हुआ आयोजन

# किसान खेतों में लगाएं ढेंचा की फसल, बढ़ती है उर्वरा शक्ति

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** द मिलियन फार्मर्स (किसान पाठशाला) एवं ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी का आयोजन विकास खण्ड सुरसा के ग्राम फर्दापुर में किया गया। किसान पाठशाला का आयोजन डा. नन्द किशोर उप कृषि निदेशक एवं विनीत कुमर उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, हरदोई की अध्यक्षता में किया गया। किसान पाठशाला में प्रभारी, रा.कृ.बी. भण्डार एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि निदेशक ने किसानों को खेती किसानी की उन्नत तकनीकी के बारे में जानकारी दी। बताया कि खेतों में गर्मी की जुताई करने से कीटों के अंडे एव लार्वा एवं भूमिजनित रोगों के रोगाणु नष्ट हो जाते हैं। किसान अपने खेतों में ढेंचा की फसल अवश्य बोएं जिससे खेत की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी होती है। धान की खेती के लिए धान की सीधी बुआई करने से कम पानी की आवश्यकता होती है और रोपाई आदि में लगने वाली श्रमिकों की लागत में कमी आती है जिससे खेती की लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। किसान अपने फसलों की बुआई या रोपाई लाइन में ही करें। उन्नतशील एवं प्रमाणित धान की प्रजाति पीआर-126, पन्त-24, एसआईवाईए टीएस के बीज एवं संकर बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर जनपद के सभी बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। उन्होने किसानों को यह भी बताया कि भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए गोबर की खाद का प्रयोग करे। खेती किसानी के साथ-साथ सब्जी की खेती और पशुपालन से किसानों की आमदनी दोगुनी होती है और हर समय किसान के पास काम रहता भी रहता है।

सोलर पम्प हेतु जनपद को 1215 के लक्ष्य प्राप्त हुए है। ऑनलाइन बुकिंग करके अपने प्रक्षेत्र पर सोलर पम्प की स्थापना करा सकते है। उप कृषि निदेशक द्वारा किसान सम्मान निधि योजना में बताया गया कि जिन किसानों भूलेख सत्यापन, आधार सीडिंग, एवं ईकेवाई नहीं है। वह अपने विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर जाकर या अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के कर्मचारी के सहयोग से करा सकते है। जिन किसानों के पास विरासत के आधार भूमि आयी है या 01 फरवरी 2019 से पूर्व की भूमि है और वह किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत नहीं है। ऐसे किसान अपना पंजीकरण जनसेवा केन्द्र पर जाकर करा सकते है और पंजीकरण कराने के उपरान्त घोषणा पत्र भरकर राजकीय कृषि बीज भण्डार पर जमा कर दे, जिससे उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो सके।

इस योजना में परिवार में पति-पत्नी में से एक सदस्य को योजना का लाभ प्राप्त होगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को छोड़कर अन्य सरकारी कर्मचारी एवं आयकरदाता इस योजना के लिए अपात्र है। किसान पाठशाला में उपस्थित प्रगतिशील कृषक श्री रमेश चन्द्र दीक्षित द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 02 एकड में धान, मूंगफली एवं मेंथा की खेती कर अधिक आमदनी प्राप्त की जा रही है।

# सीओ से केस वापस लेने की मांग

संवाददाता, हरदोई

बुद्ध कथा में बवाल

**अमृत विचार।** बुद्ध कथा के दौरान मारपीट करने वालों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं दबाव पड़ने पर पुलिस ने दलित समाज के कुछ लोगों पर भी केस दर्ज कर लिया। जिसके बाद सोमवार को दलित समाज के लोगों ने एकत्र होकर सीओ से पीड़ितों पर दर्ज कराए गए केस वापस लेने की मांग की।

बताते चलें कि 8 जून को टड़ियावां थाने के शाहपुर मुग़ल में बुद्ध कथा के दौरान कुछ लोगों ने पहुंचकर मारपीट और तोड़फोड़ की थी। इस मामले में नन्हे लाल निवासी ककरहा मजरा पुरवा देवरिया की तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सोमवार को नन्हे लाल के साथ मामले की जांच कर रहे सीओ हरियावां के पास पहुंचे और अपनी बात रखी। कहा कि बुद्ध कथा के दौरान जो हुआ उससे दलित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। हमलावरों को बचाने के लिए उल्टे दलितों पर केस दर्ज किया गया।

बुद्ध कथा के दौरान पिटाई करते हुए गौतम बुद्ध और डा.अम्बेडकर के फोटो फाड़ कर तोड़फोड़ के आरोपी नरेश तिवारी भाजपा के बूथ अध्यक्ष है। दलील दी जा रही है कि बुद्ध कथा में देवी-देवताओ को अपशब्द कहे जा रहे थे, जबकि नन्हे लाल का कहना है कि कथा शुरु भी नहीं हुई थी, उससे पहले बवाल किया गया। उसका कहना है कि चुनाव की रंजिश के चलते सारा बखेड़ा खड़ा किया गया।

### बाहरी लोगों को रोकने के लिए पुलिस ने की घेराबंदी

पुलिस ने बुद्ध कथा के दौरान हुए बवाल पर कड़ी नज़र रखे हुए है। वहां कोई बाहरी न पहुंचें, इसके लिए पुलिस शाहपुर मुग़ल की बड़ी मज़बूती से घेराबंदी की है। ग़नीपुर की तरह वहां कोई बाहरी न पहुंचे, इसके लिए टड़ियावां के अलावा हरियावां, बेनीगंज, बेहटा गोकुल, सुरसा, बघौली, साण्डी और कछौना पुलिस को तैनात किया गया है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि ऐसे मामलों को तूल देने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। हमलावरों की तलाश की जा रही है।

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा ।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता,लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन,समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं,लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा,खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए,क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने के नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

# पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन



डॉ.शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है,जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि,पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास,जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है,जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है,जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु

पेड़ के बिना,मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है,जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है,जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है,बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं,जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं,बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार,गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि,मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि,आकाश,जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है,लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं,लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है,बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं,वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है,बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं,बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं,जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव,हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है,जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद,व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है,जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

# देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है,किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातर बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं,किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी,लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन,वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं,क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए,ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है,वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

## सोशल फोरम

# क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं,उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

# मोदी को ताज: क्या है सितारों की आवाज



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी,जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है,जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता,क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई,जब प्रबल 'राजभंग योग' था,सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार- उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है,जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु,रोग,ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे,तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

# भूख से बिलखते बच्चे

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है,किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुट्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2,करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है,जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है,जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोट्र्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोट्र्स को झूठा करार दिया।

## एक नजर

### साक्ष्य या बयान 20 तक दर्ज कराएं : उप जिला मजिस्टेट

**हरदोई, अमृत विचार।** उप जिला मजिस्टेट सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि विगत 30 मार्च को ग्राम न्योरादेव पहली मोड़ पर फरूखाबाद डिपो की बस यूपी 76 के 7055 से दुर्घटना में ग्राम नस्यौली डामर निवासी राहुल की मृत्यु हो गयी थी तथा रामप्रकाश घायल हो गया था और इसकी मजिस्ट्रीयल जांच के लिए जिला मजिस्टेट ने अधोहस्ताक्षरी को नामित किया है। श्री मिश्रा ने कहा है कि उक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में यदि कोई भी व्यक्ति साक्ष्य / बयान या अन्य कोई तथ्य प्रस्तुत करना चाहता है तो वह किसी भी कार्यालय दिवस में 20 जून तक उनके कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है।

### जुआ खेल रहे पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संडीला, हरदोई।** पुलिस ने मोहल्ला माकुमकुआ के पास से मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते पांच लोगों को गिरफ्तार किया।कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जुआ खेल रहे पांच युवकों को रविवार की सुबह माकुमकुआ के पास से गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी में पांचों के पास से तास पत्ते व 2740 रुपया बरामद हुए पूछताछ में पांचों ने अपना नाम श्यामू राठौर निवासी इमामचौक, मोहम्मद नदीम निवासी हाजी जमील का मदरसा, रितिक सिंह, आकाश, आकाश राठौर निवासी माकुम कुआ बताया। पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाई कर गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवक गिरफ्तार

**संडीला, हरदोई।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अदद चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक को चक्कर रोड अंबेडकर पार्क के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रकाश निवासी मंडई इमाम चौक संडीला बताया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## नहर में उतराता मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह अपने साथियों के साथ बावन स्तिथ शारदा नहर में नहाने आया युवक लापता हो गया था। सोमवार की दोपहर नहर में युवक का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची लोनार कोतवाली पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला आशानगर निवासी 18 वर्षीय दिनेश कस्यप का पुत्र हर्ष कस्यप अपने दोस्तों के साथ शनिवार की सुबह लोनार कोतवाली इलाके के गांव बावन में नहर नहाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद यह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी ढूंढने की कोशिश की लेकिन यह नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने शहर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करा दी। सोमवार की दोपहर सहोरा गांव के पास नहर में शव पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। बावन चौकी इंचार्ज व्यास यादव ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गयी। शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव के दोनो हाथ और पैर गायब थे। मृतक के परिजनों ने इसके दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सीओ के नेतृत्व में दूसरी बार सीज हुआ हॉस्पिटल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

खबर का असर

**अमृत विचार।** मीरा बस्ती के डॉ. तबरेज के अस्पताल को दूसरी बार जांच अधिकारी अनुज मिश्रा की देखरेख में सीज किया गया है। शाहाबाद के इतिहास में यह पहला हॉस्पिटल है जिसे एक ही प्रकरण में दो बार सीज किया गया।

बताते चलें कि सात जून को डॉ. तबरेज के मीरा बस्ती स्थित फैमिली हेल्थ केयर सेंटर पर बातचीत करते हुए डॉक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें डॉक्टर हिंदू नवजात बच्चा एक मुस्लिम को 30 हजार रुपये में बेचने की बात कर रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में डॉक्टर तबरेज खान को हिरासत में ले लिया गया। नोडल अधिकारी डाक्टर मनोज कुमार सिंह और डॉक्टर प्रवीण दीक्षित द्वारा 8 जून को अस्पताल के एक दो बेड के कमरा एवं मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया, जबकि डॉक्टर जिस स्थान पर बैठकर अपनी ओपीडी चलाता था। उस स्थान को सीज नहीं किया गया। यानि कि अस्पताल संचालक को राहत देने के लिए औपचारिक रूप से सीज करने की कार्रवाई की गई थी। सीज करने की कार्रवाई के दौरान नगर के समस्त पत्रकारों को इस कार्रवाई से दूर रखा गया जबकि अन्य किसी अस्पताल


तबरेज हॉस्पिटल अंदर से किया गया सीज, बाहर से खुला

कार्रवाई

पत्रकारों को अंदर जाने की इजाजत नहीं

रजिस्टर्ड नहीं है हॉस्पिटल

9 जून के अंक में अमृत विचार में प्रकाशित संबंधित खबर।

पर सीएचसी अधीक्षक द्वारा जब भी कार्रवाई की गई तो पत्रकारों को सूचना देकर कार्रवाई की गई और उन्हें वीडियो और फोटो खींचने का मौका दिया गया। इस अस्पताल के सीज करने में ऐसी क्या अड़चन थी जो पत्रकारों को अस्पताल के अंदर जाने से मना किया गया और गेट पर ही कड़ा सुरक्षा पहरा लगा दिया गया। आखिर कुछ तो वजह रही होगी? इस खबर को मीडिया ने जब "अस्पताल अंदर से सीज, बाहर से खुला" शीर्षक से खबरें चलाईं तो क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा और स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों ने इसे संज्ञान में लिया और सीएचसी अधीक्षक डा. प्रवीण दीक्षित को बुलाकर आधा अधूरा अस्पताल सीज करने की बाबत पूछताछ की। इस पर सीएचसी अधीक्षक द्वारा बताया गया कि अस्पताल में डॉक्टर का परिवार रहता था, इसलिए उसको सीज करने से छोड़ दिया गया था। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने कड़े तेवर अपनाए और जांच अधिकारी होने के नाते उन्होंने पूरा हॉस्पिटल सीज करने का निर्देश दिया और अपनी देखरेख में अस्पताल को पूरी तरीके से चीज करवा दिया। तस्वीर में हमारे पाठक देख रहे होंगे कि जिन शटरों में ताले लगाकर सीज करने की कार्रवाई की गई दो दिन पहले तक यह शटर खुल रहे थे। मतलब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने डॉक्टर को राहत देते हुए सीज करने की कार्रवाई में भी मनमानी कार्यशैली अपनाई। मनमानी कार्यशाली उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के इन अधिकारियों को पूरा हॉस्पिटल चीज करना पड़ा।

## निकाह नहीं होने पर भाई को किया था अगवा

### पुलिस की पकड़ में आए किशोर को अगवा करने के आरोपियों ने पूछताछ में किया खुलासा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस ने किशोर को अगवा कर फिरौती मांगने वाले आरोपियो को दबोच लिया। आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया कि वह किशोर की बहन से शादी करना चाहता था,लेकिन उसके घर वालों ने होने नही दी,उसी की रंजिश के चलते उसने अपने दोस्त के साथ मिल कर साजिश को अंजाम दिया।



पुलिस की गिरफ्त में अपहरणकर्ता। अमृत विचार

बताते चलें कि 8 जून की शाम को बिलग्राम कोतवाली के रहुला निवासी शमसुद्दीन का 12 वर्षीय पुत्र अल्तमश घर से समोसे लेने निकला, उसके बाद वापस नहीं लौटा। अल्तमश की तलाश की जा रही थी,उसी दौरान आधी रात को आए फोन पर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। उसके बाद पुलिस ने रहुला गांव के हाशिम पुत्र बैठू और उसके दोस्त शमीम पुत्र मोनिस निवासी इस्माइलपुर जगाई थाना माधौगंज के खिलाफ केस दर्ज किया। हालांकि उससे पहले अगवा किए गए अल्तमश को मलिहाबाद में हाई-वे के किनारे झाड़ियों में बेहोशी की हालत में बरामद कर लिया गया था। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने मामले के खुलासे के सख्त निर्देश देते हुए पुलिस टीम को अलर्ट कर दिया। सोमवार को एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा को मुखबिर से पता चला कि गुलाब साड़ी तिराहे पर वैगन-आर खड़ी है,उस पर दो युवक सवार है। दोनों युवक संदिग्ध लग रहे है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस टीम ने दोनों युवको हाशिम और शमीम को दबोच लिया। साथ में वैगन-आर कार,जिससे किशोर को अगवा किया गया था,भी बरामद कर ली। पुलिस से हुई पूछताछ में हाशिम ने बताया कि वह अल्तमश की बहन से शादी करना चाहता था,लेकिन उसके घर वालों ने नहीं की,तभी से वह शमसुद्दीन से रंजिश मानने लगा और उसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने का ताना-बाना बुना। पुलिस के मुताबिक हाशिम का भाई कासिम पाक्सो एक्ट के मामले में जेल में था,कुछ ही दिन पहले वह ज़मानत पर छूट कर बाहर आया हुआ है।

## सूर्य की शानदार बल्लेबाज़ी से एप्टेक-11 बनीं विजेता

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को एप्टेक अंडर-16 कप का दूसरा मैच एप्टेक-11 और श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट -11 के बीच खेला गया। मैच में टॉस एप्टेक-11 के कप्तान कृष्णा ने जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 ने 35 ओवर में 6 विकेट खोकर 183 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की तरफ से सानिध्य बंसल 50 रन, सूरज दीक्षित 28 रन व ने राजन 23 रनों का योगदान किया। एप्टेक-11 की तरफ से अर्नव सिंह 3 विकेट, कृष्णा प्रजापति, सूर्या यादव व सूरज सक्सेना ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाज़ी करने एप्टेक 11 की टीम 28.2 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एप्टेक 11 की तरफ से सूर्य कुमार यादव 75 रन, हर्षित शुक्ला 30 रन, प्रसून राजपूत 18 रनों का योगदान किया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की तरफ से कोमल सिंह 4 विकेट, राजन 2 विकेट, सानिध्य व सूरज दीक्षित ने 1-1 विकेट लिया तथा 1 खिलाडी मांकड़ रन आउट हुआ। मैच में एप्टेक-11 ने 1 विकेट से जीत दर्ज की।

## मतदाताओं का आभार जताएगा इंडिया गठबंधन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में जनता से मिले समर्थन का आभार जताने के लिए इंडिया गठबंधन पदयात्रा निकालकर लोगों तक पहुंचेगी। यह पदयात्रा 11 से 15 जून तक चलाई जाएगी।

कांग्रेस कार्यालय पर सोमवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने अपार जनसमर्थन दिया है। इस जनसमर्थन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए विधानसभा बार पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा। 11 जून को हरदोई शहर एवं सवायजपुर विधानसभा के पाली नगर में। 12 जून को शाहाबाद विधानसभा के न्याय पंचायत सकरौली में, गोपामऊ विधानसभा के पिहानी व गोपामऊ नगर में, 13 जून को विधानसभा बिलग्राम के नगर बिलग्राम में, सांडी विधानसभा के नगर सांडी में। 14 जून को सण्डीला विधानसभा के नगर सण्डीला एवं बालामऊ विधानसभा के ग्राम बसंतपुर में पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा।


प्रेसवार्ता में जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी।

**आयोजन**

▸▸ 11 से 15 जून तक पदयात्रा कर नेता व कार्यकर्ता लोगों से मिलेंगे

इन धन्यवाद पदयात्राओं हेतु शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी को हरदोई विधानसभा, जिला उपाध्यक्ष अनुपम दीक्षित को सवायजपुर विधानसभा, जिला महासचिव शशिबाला वर्मा को गोपामऊ विधानसभा, निकेश सिंह यादव को शाहाबाद विधानसभा, आसिफ अली शम्मू को बिलग्राम विधानसभा, जिला महासचिव ओमेंद्र वर्मा को सांडी विधानसभा, जिला महासचिव ओमप्रकाश अर्कवंशी को सण्डीला विधानसभा, जिला सचिव राम औतार वर्मा को बालामऊ विधानसभा का को-कार्डिनेटर बनाया गया है।

## एनडीए की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार की देर शाम भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पटाख फोड़े।

शुकुल बाजार के अंबेडकर तिराहा पर एकत्रित होकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा विधायक सुरेश पासी के अगुवाई में सभी ने पटाखे दागे, मिठाई बांटी, ढोल बजाकर खुशी का इजहार किया। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं। इस दौरान ठेकेदार समर बहादुर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, वीर सिंह, राजीव, संतोष पांडे, महेश दुबे, राजेश मिश्रा, रविंद्र सिंह, जगदीश पाल, रमई, महेंद्र शुक्ला, सोनू त्रिवेदी, संजय मौर्य, रामजीत पाल, शुभम कसौधन, राम सुंदर यादव, नागेंद्र यादव, बद्री यादव, राजेंद्र पासी आदि रहे। वहीं अमेठी शहर में भाजपाइयों ने खुशी जताई है। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद भाजपा से जुड़े व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोले दागे।

## सार-संक्षेप


धूप में सिर ढक कर जाते युवक। अमृत विचार

### तपती गर्मी से लोगों को नहीं मिल पा रही राहत

**हरदोई, अमृत विचार।** तपती गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। दोपहर होते ही तपती गर्मी की वजह से लोग सिर ढक कर चलने को मजबूर हैं। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। मौसम वेधशाला के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्शियस व न्यूनतम 27 डिग्री पर पारा पहुंच चुका। आठ किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चल रहीं हैं। गर्मी के बढ़ते दायरे से न सिर्फ इंसान बल्कि बेज़ुबानों भी बिलबिला रहें हैं। कब सुबह हुई और फिर तपती हुई दोपहर आ गई,इसका पता ही नहीं चल पा रहा है। राहगीर लोग सिर ढक कर निकलने को मजबूर हैं। सड़कों पर सारा दिन सिर्फ और सिर्फ सांय-सांय करता हुआ सन्नाटा दिखाई पड़ रहा है। जिले में गौशालाओं में रहने वाले गोवंशों की हालत बहुत ही दयनीय हो गई है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल की समस्याएं भी उत्पन्न हो गई है।

### नहर में उतराता मिला अधेड़ का शव

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के भगवंतनगर से तीन दिन पूर्व घर से बिना बताए निकले एक व्यक्ति का शव संडीला में नहर में उतराता मिला। पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें भगवंत नगर निवासी विजय कुमार उर्फ़ कौशल उम्र 55 वर्ष पुत्र स्व अगने लाल जो आंख से दिव्यांग है। शनिवार की शाम को घर से बिना बताए निकले थे। ऐसे में मृतक की पत्नी दिल्ली में रहकर मजदूरी करती है। तो परिवार में बुजर्ग मां ने सोचा दिल्ली गए होंगे। लेकिन दिल्ली न पहुंचकर संडीला निवासी अपनी बहन के घर चले गए। इधर दिल्ली न पहुंचने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई आखिर कहां गए है। उसको लेकर खोजबीन की जा रही थी, तभी दोपहर को भगवन्तनगर के सभासद भाष्कर मिश्रा के पास संडीला कोतवाली से फोन और तस्वीर आई से उसकी सिनाख्त विजय उर्फ़ कौशल के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक दिव्यांग पेंशन लेकर घर से निकले थे. ज़ब परिजनों को पता चला कि नहर में शव मिला है तो कोहराम मच गया। ऐसे में मृतक के कोई औलाद नहीं है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 16 साल से चल रही चकबंदी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गांव में 16 सालों से चल रही चकबंदी की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग गांव वासियों ने की है। चकबंदी चलने से गांव के विकास में भी बाधा पहुंच रही है। चकबंदी रोकने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा।

विकास खंड टडियांवा के ग्राम पुरवा देवरिया के रहने वाले सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे । कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में पिछले 16 सालों से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है जो कि अभी पूरी नहीं हो पाई है। चकबंदी के चलते गांव में तमाम आपसी रंजिश हो गई हैं ,यही नहीं चकबंदी के कारण गांव का विकास भी नहीं हो पा रहा है । ग्रामीणों ने कहा कि वह सब चकबंदी नहीं चाहते हैं ।पूर्व में गांव में चकबंदी एक बार हो चुकी है। इसके बावजूद चकबंदी की प्रक्रिया दोबारा की जा रही है जिससे खेती करने में भी बहुत दिक्कत आ रही है। ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है । जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंप कर तत्काल इस प्रक्रिया को रोकने की मांग की है, जिससे गांव का विकास हो सके तथा लड़ाई झगड़ों पर भी रोक लग सके।


चकबंदी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

## भीषण गर्मी में भी रेलवे स्टेशन पर नहीं मिल रहा जल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए तमाम सुविधाएं मुहैया कराने की बात कर रही है।लेकिन हरदोई रेलवे स्टेशन पर पानी पीने के लिए अपना पैसा खर्च करना पड़ रहा है। इस स्टेशन पर लगी पानी की टोटियां शोपीस बन कर रह गई है। भीषण गर्मी में भी यात्रियों को पानी नहीं मिल पा रहा है यही नहीं रेलवे स्टेशन पर पंखे भी नही हैं । निर्माण कार्य के चलते टीन सेड हटा दिए जाने के कारण कुछ प्लेटफॉर्मो पर धूप से बचने के लिए पेड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है।

बताते चलें इन दिनों भीषण गर्मी के प्रकोप से लोग परेशान हैं लेकिन हरदोई रेलवे के अधिकारी लोगों की इस परेशानी से बिल्कुल वाकिफ नहीं है। यही कारण है कि रेलवे स्टेशन पर पेयजल तक का इंतजाम नहीं है। स्टेशप पर लगी टोटियां शोपीस बनकर रह गई है। अधिकांश समय पानी का मोटर बंद रहता हैं यात्रियों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है चर्चा यह भी है। कि पानी बिक्रेताओं की सांठगांठ के चलते सुखी बनी रहती है। जिससे प्यासे लोग इन लोगो से पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझाते है। पानी बिक्रेताओं की आमदनी बढ़ाने के लिए जानबूझकर पानी नहीं चलाया जाता है।



स्टेशन पर लगे पेयजल स्थल पर नहीं हो रही जल की आपूर्ति। अमृत विचार

गौरतलब हो कि इन दिनों स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है। अधिकांश टीन सेड हटाए जा चुके है।यात्रियों बैठने के लिए बेंच भी नाम मात्र की हैं जिससे कि लोग जमीन में बैठे रहते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण लोगों को धूप से बचने के लिए इधर उधर पेड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है।स्टेशन पर इन दिनों अव्यवस्थाओं को बोलबाला है जबकि निर्माण के दौरान यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों के द्वारा दिए जा चुके है लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए कोई कार्य स्थानीय रेलवे अधिकारियों के द्वारा नहीं किया जा रहा है।


स्टेशन परिसर में जमीन पर बैठे यात्री। अमृत विचार

## प्रधानों ने मांगे पहले जैसे अधिकार

संवाददाता, टोडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** पंचायती राज विभाग के शासनादेश ने प्रधानों की मुश्किल बढ़ा दी है। आदेश में पंचायत सहायक को भुगतान की जिम्मेदारी सौंप दी गई हैं, जिससे ग्राम प्रधानों में आक्रोश है। सोमवार को दर्जनों की संख्या में प्रधान हांथ में काली पट्टी बांधकर ब्लॉक पहुंच गए और मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को सौंपा।

ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर ब्लॉक टोडरपुर पहुंचे और उक्त शासनादेश का विरोध करते हुए पांच सूत्रीय ज्ञापन प्रधान संघ अध्यक्ष की मौजूदगी में बीडीओ शीतला प्रसाद को सौंपा। जिन पंचायत सहायकों को भुगतान के लिए अधिकृत किया गया है वह संविदा पर नियुक्त है। जिनका


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते प्रधान। अमृत विचार

कार्यकाल एक साल से तीन साल तक का ही है। ऐसे में भुगतान के लिए उन्हें अधिकृत किया जाना न्याय संगत नहीं है। इससे पूर्व प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया जाता था। प्रधान ग्राम पंचायत से निर्वाचित है तो सचिव सरकारी कर्मचारी होता है। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के होते हुए भुगतान में पंचायत सहायक को शामिल करना प्रधानों के सम्मान को ठेस पहुंचाना है। इससे प्रधानों का हनन करना है। ज्ञापन में कहा कि गेट-वे पोर्टल बंदकर प्रधान व सचिव के संयुक्त फेस से खोलकर भुगतान किया जाए या फिर पहले वाली प्रक्रिया लागू हो। इस दौरान प्रमोद कुमार गुप्ता अध्यक्ष प्रधान संघ, प्रधान चंद्रपकाश,रामकली, शालिनी, गुप्ता, जसोदा, रामदीन, दिनेश कुमार सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 25 जून तक पीएलवी का मनोनयन

**सीतापुर, अमृत विचार।** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर में नालसा द्वारा कार्यान्वित पीएलवी स्कीम के अनुसार मुख्यालय स्तर व तहसील स्तर पर पीएलवीगणों का मनोनयन किया जाना है, जिसके लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर 25 जून तक पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन 31 जुलाई तक

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सूचना देते हुये बताया कि वर्ष 2025 के लिए बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति व नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बच्चा 05 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष तक का होना चाहिए और उपलब्धि आवेदन की अन्तिम तिथि को दो वर्ष के भीतर की होनी चाहिए। आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है।

### किराने की दुकान से बीड़ी का बोरा लेकर चोर फरार

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस की आंखों के सामने से दिनदहाडे.किराने की दुकान से बीड़ी का बोरा लेकर चोर फरार हो गये। कस्बा सकरन निवासी जलीस खां की किराने की दुकान मेन रोड पर आर्यावर्त बैंक के सामने स्थित है। बैंक पर सकरन थाने की पुलिस की ड्यूटी लगी हुयी थी। सोमवार की दोपहर करीब एक बजे जलीस अपनी दुकान पर बैठा था तब तक एक बाइक पर सवार होकर दो लोग आये और दुकान की गैलरी में रखा चमेली बीड़ी का बोरा कीमत करीब 14 हजार रूपये चोरी से उठाकर बाइक से भाग गये। जलीस ने कुछ दूर तक उनका पीछा किया, लेकिन वह फरार हो चुके थे। पुलिस की आंखों के सामने दिन दहाड़े हुयी इस घटना से कस्बे के दुकानदार भयभीत है। दुकानदार ने मामले की तहरीर पुलिस को नहीं दी है।

### दुपट्टे से फांसी लगाकर दी जान

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।** 47 वर्षीय अधेड़ ने अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना इमलिया सुल्तानपुर की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी राम दुलारे उर्फ बाबू उम्र करीब 47 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में छत के छल्ले से दुपट्टा बांधकर गले में फंदा डाल लिया और उसी फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए जांच-पड़ताल की और नमूना भरा। वहीं पुलिस ने घटना की जांच- पड़ताल करते हुए मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किसान पाठशाला में बीज व भूमि शोधन की दी जानकारी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदपुर कुटी में सोमवार को खरीफ किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। किसान पाठशाला की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बराती लाल ने की। पाठशाला में सहायक विकास अधिकारी कृषि, राज कुमार वर्मा ने किसानों को जागरूक करते हुए खरीफ फसल मे बोई जाने वाली प्रमुख फसलें धान और मक्का से संबंधित तकनीकी जानकारी जैसे बीज और भूमि शोधन की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस मौके पर किसानों के लिए सरकार व कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे बीज, रसायन, मानव जीवन मे श्री अन्न की उपयोगिता और किसान सम्माननिधि की विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने कृषि यंत्रीकरण और सिंचाई हेतु सोलर पंप का स्थापना और और बीजों पर किसानों को दिए जाने वाले अनुदान के बारे में भी जानकारी दी स किसान पाठशाला में पंचायत सचिव प्यारेलाल, पंचायत सहायक सरिता देवी एवं भारी संख्या में किसान उपस्थिति थे।

# नेशनल हाईवे के किनारे मिला मजदूर का शव

- मृतक की नाक से रिस रहा था खून, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक गांव के बाहर एक मजदूर का शव पड़ा मिला। मृतक शराबी किस्म का व्यक्ति था और सुबह मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस द्वारा बुलवाई गईफॉरेंसिंक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

भुड़कुड़ा गांव निवासी राजकुमार (32) पुत्र कालीचरन घर से सीतापुर जाकर मजदूरी करता था। बीते कई माह से वह शराब का आदी हो गया था। जिसको लेकर घर में उसकी कहासुनी होती रहती थी। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे वह मजदूरी करने की बात कहकर अपने घर से निकला था। शाम करीब पांच बजे उसका शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर गुलरहिया चौराहे के निकट एक खाली प्लॉट में चबूतरे के पास पड़ा मिला। ग्रामीण बताते हैं कि मृतक की नाक से खून रिसता हुआ प्रतीत हो रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा किया। हकीकत जानने के लिए मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी सैंपल जुटाए। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि मृतक का शरीर अकड़ा हुआ प्रतीत हो रहा था। मृतक शराबी किस्म का व्यक्ति था। परिजनों ने किसी तरह का किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# नाला बनाने के लिए खोद डाली सड़क की पटरी

सांडा, सीतापुर

**मनमानी**

- बिसवां के मधईपुर में सड़क की पटरी खोदकर बनाया जा रहा नाला
- पीडब्ल्यूडी विभाग की नहीं ली गई परमीशन



नाला बनाने के लिए खोदी गई सड़क की पटरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिसवां क्षेत्र के मधईपुर गांव में बिसवां से सांडा जाने वाली पीडब्ल्यूडी विभाग से निर्मित टू लेन सड़क की पटरी खोदकर नाला बनवाया जा रहा है। नाला बनवाने के लिए सड़क पर डाली गई डामरीयुक्त बजरी तक सड़क की पटरी की खुदाई करवाने वाले ठेकेदार जमुना यादव ने बताया कि गांव के पानी की निकासी के लिए नाला बनवाया जा रहा है। गांव के किनारे नाला बनाए जाने के लिए जगह न मिलने के कारण सड़क की पटरी खोदकर नाला निर्माण कराना पड़ रहा है। बिसवां ब्लॉक की जेई कल्पना पटेल ने सड़क पटरी पर नाला निर्माण कराए जाने कराए जाने की स्वीकृत प्रदान की है।

बिसवां से सांडा-सकरन-मतुवा होते हुए लहरपुर-तंबौर जाने वाली टू लेन की अति व्यस्तम सड़क की पटरी पर पीडब्ल्यूडी विभाग की परमिशन लिए बिना नाला बनवाए जाने से आने वाले समय में सड़क का चैड़ीकरण कराए जाने में जहां बाधा उत्पन्न होगी, वहीं सड़क पटरी पर बन रहा नाला भारी भरकम वाहनों के लिए एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। क्षेत्रवासी दिनेश मिश्रा, रामचंद्र यादव, सर्वेश शुक्ला, मनोज सिंह, उपेंद्र रावत, दिवाकर, सरोज, राम लखन, रामनरेश, हरिमोहन, अजय जायसवाल, राजाराम आदि का कहना है कि सड़क पटरी खोदकर नाला कैसे बनवाया जा सकता है इससे तो सड़क पर निकलने वाहन दुर्घटना का शिकार बनेंगे। वहीं गांव का पानी ऊंची सड़क की पटरी पर बन रहे नाले से तो निकल भी नहीं पाएगा, लेकिन जिम्मेदार किस शैली में विकास कार्य करते हैं इसका सहज अंदाजा सड़क पटरी पर बनवाए जा रहे नाले को देखकर लगाया जा सकता है। सड़क पटरी पर नाला निर्माण को लेकर जब बिसवां ब्लॉक की अवर अभियंता कल्पना पटेल से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन लगातार स्विच ऑफ बताता रहा।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को ग्रामीणों ने खदेड़ा

## सड़क निर्माण कार्य में अवरोध बन रहे ग्रामीणों के अतिक्रमण को हटाने पहुंची थी राजस्व टीम

**विरोध**

- ग्रामीणों के भारी हंगामे के बाद वापस लौटी टीम
- एसडीएम बोले-बातचीत कर निकलेगा हल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



सड़क निर्माण के लिए जेसीबी से अतिक्रमण हटाती टीम व मौजूद ग्रामीण।



राजस्व और पुलिस टीम के सामने जमीन पर बैठकर विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**अमृत विचार।** पिसावां थाना इलाके में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत निर्माण कार्य से पूर्व अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने इस दौरान तहसील प्रशासन पर पश्चपात करने का भी आरोप लगाकर गांव से जेसीबी मशीन को खदेड़ने का प्रयास किया। भारी हंगामे के बीच मौके पर पहुंचे एसडीएम महोली के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने हंगामा खत्म किया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत पिसावां कस्बे से सेजखुर्द तक निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसके तहत पिसावा मुख्य चौराहे के गोपमऊ मार्ग से चौड़ीकरण कार्य सेजखुर्द तक पूरा कराया जा चुका है। लेकिन पिसावां गांव के अंदर अतिक्रमण होने के कारण शेष कार्य लंबित पड़ा था। सोमवार को तहसील प्रशासन के नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल शिवशंकर सहित पिसावा पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया था। बताया जाता है कि प्रशासन के इस कार्य का विरोध करने के लिए मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले के समय में रोड़ काफी संकरी थी, लेकिन मार्ग निर्माण होने से अधिकांश ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो जायेंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि कई ग्रामीण काफी निर्धन परिवारों से हैं, यदि उनके आवास क्षतिग्रस्त कर दिए गए तो उनको रहने के लिए समस्याएं उत्पन्न हो जाएंगी। साथ ही ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन पर पश्चपात का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने के नाम मुआवजे की मांग की है। सूचना पर पहुंचे एसडीएम अभिनव कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत कर मामले को शांत कराया और पक्षपात के आरोप में ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। एसडीएम अभिनव कुमार ने बताया कि सड़क मार्ग से दोनों हिस्सों की बराबर जमीन ली जाएगी। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा जल्द ही ग्रामीणों से बातचीत कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

# नीट की परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर किया प्रदर्शन



ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्ट्रेट में मौजूद अभाविप कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**रोष**

- सीबीआई जांच की मांग को लेकर अभाविप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** सोमवार को अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा नीटयूजी परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी के विरोध में सीबीआई जांच की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर द्वारा विगत दिनों राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा नीट 2024 के आयोजन के दौरान गड़बड़ियां तथा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीतापुर जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, विभाग सहसंयोजक शिवम वर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साक्षी, आयुष शुक्ला, तहसील संयोजक विकास मौर्य, तहसील सह संयोजक सुमित अवस्थी नगर सह मंत्री अनुराग, सुमित मिश्रा, सोभित, दिपांशु, रवि, शिवरुद्र,प्रबल वाजपेयी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेंथा की टंकी फटने से झुलसे व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**महमूदाबाद/पैंतेपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मेंथा पेराई के दौरान रविवार को मेंथा की टंकी फटने से अधेड़ सहित एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया था जिसमें से एक को बेलहरा में भर्ती कराया गया था जबकि दूसरे घायल को लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को लखनऊ में भर्ती घायल मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

मितौरा गांव में रविवार की दोपहर गुड़ियापुर मजरे मितौरा निवासी प्रमोद गौतम व गया प्रसाद वर्मा निवासी मितौरा मेंथा की पेराई कर रहे थे, उसी दौरान अचानक मेंथा टंकी फट गई थी, जिसमें गया प्रसाद व प्रमोद गंभीर रूप से झुलस गए थे। टंकी फटने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल प्रमोद को पड़ोस के जनपद बाराबंकी जनपद के बेलहरा में उपचार के लिए भर्ती कराया था। वहीं वृद्ध गयाप्रसाद की हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। ग्राम गुड़ियापुर निवासी गया प्रसाद वर्मा की सिविल अस्पताल लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# गल्ला व्यवसायी का झोला उठाकर भागे बदमाश

- झोले में थी 11 हजार रुपये की नकदी
- बाइक पर सवार दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में बाइक सवार लुटेरों ने एक बार फिर महोली पुलिस की कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दी है। इस बार नकाबपोश दो बदमाशों ने एक गल्ला व्यापारी को अपना निशाना बनाया और उसकी रूपयों भरी बैग लेकर फरार हो गए। स्टेट हाई-वे पर हुई इस वारदात के बाद व्यापारियों में असुरक्षा का भाव है। घंटों बीतने के बावजूद पुलिस लुटेरों का सुराग तक नहीं पा सकी है। मामला महोली कोतवाली के नेरी- छहेलिया मार्ग का है।

जानकारी के अनुसार नेरी गांव निवासी विनोद कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह गल्ला व्यापारी हैं। व्यापारी के अनुसार सोमवार को वह छहेलिया-नेरी मार्ग पर बने अंडर पास के निकट सड़क किनारे गल्ला खरीदने के लिए अपनी दुकान लगाए बैठे थे। दोपहर में धूप तेज होने पर वह पड़ोस में नाई की सैलून की दुकान में जाकर बैठ गये। उनके पास एक छोटा झोला भी था, जिसमें ग्यारह हजार रुपए की नगदी थी। इसी दौरान दो अज्ञात लोग एक बाइक पर सवार होकर निकले। उन्होंने अपना चेहरा काले कपड़े से बांध रखा था। अचानक दोनों बदमाश दुकान पर आये और रुपये वाला झोला उठाकर भाग निकलें। व्यापारी के अनुसार बाइक सवार बदमाश नेरी की तरफ से ही आए थे और झोला उठाकर नेरी की ओर बाइक भगा निकले।

हैरत की बात यह है कि दो जिलों को जोड़ने वाले इस व्यस्ततम मार्ग पर हुई लूट की वारदात के बाद व्यापारियों में असुरक्षा का भाव बढ़ गया है। व्यापारी वर्ग में दहशत फैल गई है। वारदात के कई घंटे बीतने के बावजूद पुलिस लुटेरों का सुराग तक नहीं पा सकी है। प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच-पड़ताल कीजा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### आतंकी हमले के विरोध में अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को जम्मू एण्ड कश्मीर में श्रद्वालुओं से भरी बस पर आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी करने से 10 यात्रियों की मृत्यु हो जाने व 33 श्रद्वालुओ के घायल हो जाने की घटना को लेकर बार एसोसिएशन सीतापुर ने सोमवार को शोक सभा कर दिवंगत श्रद्वालुओं की आत्मा की शान्ति एवं घायल श्रद्वालुओं के स्वास्थ्य लाभ के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा की अध्यक्षता विजय कुमार अवस्थी अध्यक्ष एवं संचालन दिनेष कुमार त्रिपाठी महासचिव ने किया। शोक सभा में लिये गये निर्णय के क्रम में अधिवक्ताओं ने विरोध स्वरूप स्वयं को न्यायिक कार्यो से विरत रखा एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक के माध्यम से राष्ट्रपति को तीन सूत्रीय मांपत्र सौंपा। जिसमें जम्मू कश्मीर में हुये आतंकी हमले मे मृतक एवं घायल श्रद्वालुओं के परिजनो को समुचित मुआवजा एवं आतंकी हमले मे शामिल आतंकियो को चिन्हित कर उन्हें फांसी की सजा दिलायी जाये। साथ ही देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आने-जाने वाले श्रद्वालुओं की समुचित सुरक्षा व्यवस्था केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित करायी जाये। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष इशरत अली खान, कोषाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार पाण्डेय (दीपक), आशुतोष बाजपेयी, विवेक अवस्थी, गिरीश पाण्डेय, ओम प्रकाश मिश्र, कल्लन खां, अनुपम अवस्थी, आलोक मिश्र, सपना त्रिपाठी, अम्बरीष शुक्ल, प्रेम नरायण शुक्ल, नेहा कुलसुम सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### पॉवर ट्रिलर से खेती की विधि बताकर मशीनीकरण पर जोर



खेत में पावर ट्रिलर का प्रशिक्षण लेता किसान। अमृत विचार

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** दि अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड हरगांव ने सोमवार को काजीकमालपुर में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मशीनीकरण के लिए पॉवर ट्रिलर का प्रदर्शन किया। इस पॉवर ट्रिलर का स्थलीय प्रदर्शन कृषक जगदीश कुमार के खेत पर किया गया। जहाँ मशीनीकरण के साथ उसकी विशेषताएं बताते हुए गन्ना खेती कर अधिक उत्पादन दिलाने के लिए गन्ना किसानों को पॉवर ट्रिलर का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान उप महागन्ना प्रबंधक राजेश सिंह, सहायक गन्ना मैनेजर विनय सिंह, सहायक गन्ना अधिकारी कपिल शर्मा, सुपर वाइजर अशोक चैहान मौके पर मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर काजीकमालपुर, बेलगवां, पंडितपुरवा, गंगापुर, कमोलिया सहित आसपास के गांवों के लगभग 40 किसानों ने मशीनीकरण पॉवर ट्रिलर प्रदर्शन में सहभाग लिया।

### ड्रेन सफाई के नाम पर 82 मजदूरों की लगाई हाजिरी



ड्रेन में उगे पौधे व झाड़ियां। अमृत विचार

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड सकरन में मनरेगा योजना प्रधानों के लिए कामधेनु साबित हो रही है। योजना में बगैर काम के फर्जी हाजिरी लगा कर लाखों का भुगतान कराया जा रहा है। विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में सोमवार को भुरऊ के खेत से भोलई के खेत तक तथा भोलई के खेत से जीवनस्वरूप के खेत तक ड्रेन सफाई के नाम पर 82 मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी मास्टररोल पर लगायी गयी है, जबकि हकीकत में ग्राम पंचायत भर में कहीं भी ड्रेन सफाई नहीं करवायी जा रही है। आरोप है कि ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक आदि मिलकर फर्जी हाजिरी दिखाकर मनरेगा से लाखों रूपये निकाल रहे हैं। ग्रामीण वीरेन्द्र, सुनील, बृजलाल, महेश आदि ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की है। इस सम्बंध में जब एपीओ रवि सिंह से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि शिकायत मिली थी, मौके पर टीम भेजी गयी है, जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### बिना सत्संग के ज्ञान की नहीं हो सकती प्राप्तिः प्रेम सागर

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामकोट क्षेत्र के ग्राम जिहुरी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत का आयोजन बाबा सालीकराम ब्रम्ह देव आश्रम के द्वारा कराया गया। बीते 04 जून दिन मंगवार को शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को कन्या भोज व विशाल भण्डारे के साथ समापन किया गया। कथा व्यास पंडित प्रेम सागर अवस्थी ने कथा सुनाते हुए बताया कि बिना सतसंग के ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती। भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित प्रेम सागर अवस्थी ने कंस वध की कथा सुनाई। कथा समापन के बाद पंडित नीरज अवस्थी ने अपने भजनों पर श्रोताओं का मन मोह लिया। पंडित नीरज अवस्थी ने मुकुट सिर मोर का, रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया आदि भजन गा कर भक्तों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कथा समापन के बाद कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में प्रमुख रूप से मोनू प्रधान, अंशुल पांडेय, राजन पांडेय, रामजी मिश्रा, ज्ञानेश पांडेय, अचल पांडेय रगुबर दयाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिरोधी परिवारों को कन्वर्ट करने में संस्था का रहा योगदान

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** सीएचसी सभागार में जीईएजी एवं कोर ग्रुप पार्टनर प्रोजेक्ट ने ब्लाकस्तरीय आशा कम्युनिटी एक्सपर्ट ग्रुप व समर्थक ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित कर प्रमाणपत्र दिया। इस मौके पर डीएमसी सुयोग श्रीवास्तव ने आशाओं के कार्यो व सहयोग की चर्चा करते हुये कहा कि कोर संस्था क्षेत्र की आशाओं के ज्ञान कौशल की क्षमता के संवर्धन के लिये समय-समय पर प्रशिक्षण कराये जाते हैं। बीएमसी पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि संस्था द्वारा पर्यावरण, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। कोर ग्रुप विकासखण्ड के स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 वर्षों से कार्य कर रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सीएचसी अधीक्षक डॉ अवनीश द्वारा संस्था की प्रशंसा करते हुये कहा कि बीएमसी पूर्णिमा मिश्रा द्वारा क्षेत्र में प्रतिरोधी परिवारों को कन्वर्ट करने में बड़ा योगदान रहा है।

**निर्देश** बकरीद व बड़ा मंगल को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

# अधिकारियों ने की सभी से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार व कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने सभी से मिल-जुलकर बकरीद का पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने सार्वजनिक स्थानों पर जानवरों की कुर्बानी न करने के निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार में छोटे-छोटे बच्चों से गोश्त न बंटवाये और खून को नालियों में न बहाएं।



त्योहार के संबंध में निर्देश देतीं उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व मौजूद सीओ।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल ने कहा कि पालिका की गाड़ियां नगर में भ्रमण करती रहेंगी, जो भी कूड़ा कचरा गंदगी है। वह गाड़ियों में ही डालें, ताकि सुरक्षित स्थान पर उसे नष्ट किया जा सके। जहां कोई परेशानी हो मुझे फोन कर तुरंत सूचना दें। उन्होंने कहा कि सफाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी। आप लोग भी नगर को स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने सभी से अनुरोध किया कि जो भी बातें अधिकारियों द्वारा बताई गई है उनका पालन करें, जिससे शांति व्यवस्था पूर्ण रूप से बनी रहे। उन्होंने कहा कि माहौल को बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। कुर्बानी का कोई भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें। इस मौके पर मुफ्ती अब्दुल रहमान मरकज मस्जिद, मुफ्ती हिलाल, मौलाना वकील, हाफिज जाकिर, प्रदीप जैन, मास्टर फुरकान अली, हाफिज इमरान, कमाल अहमद, सहित ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू, अनूप पांडे, राम प्रसाद, जग्गन, सभासद सोहेल खां, नबी अहमद, शोएब, रहमत अली, शब्बू खां एवं भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दें

बिसवां कोतवाली इलाके में बकरीद एवं तीसरे बड़े मंगल पर आयोजित होने वाले भंडारे व धार्मिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए कोतवाली परिसर में सी.ओ. उदय राज सिंह व तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी की संयुक्त अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के प्रधान बीडीसी सदस्य नगर पालिका सभासद धर्म गुरु और सम्राट लोगों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सीओ बिसवां ने कहा कि आगामी होने वाले त्योहारों को भाईचारा और सौहार्द के साथ मनाये कोई भी आपत्तिजनक कार्य न करें। कुर्बानी पूर्व से निर्धारित एवं बंद जगह पर ही की जाए तथा कुर्बानी के बाद शेष अपशिष्ट पदार्थों को गहरा गड्ढा खोदकर उसमें बंद कर दें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न करें, क्योंकि माहौल बिगाड़ने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह जे.ई. शशिकांत यादव, आर.ए आशीष यादव नगर बिजली विभाग, जल निगम सतीश वर्मा, मौलाना आसिफ इकबाल, मौलाना जावेद इकबाल, शाहिद इकबाल, प्रधान गोपी मिश्रा, प्रधान रिंकू वर्मा सहित नगर पालिका के सभासद व प्रधान सहित बीडीसी मौजूद रहे।

## एक नजर

### गोली लगने से घायल को अस्पताल से मिली छुट्टी

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़वारा निवासी मोहम्मद रजी पुत्र सनाउल्ला और उनके साथी रजीउल्ला पुत्र नबी उल्ला, मुजम्मिल पुत्र इजराइल 30 मई को दोपहर बाद बाइक से आ रहे थे। तभी गोला अलीगंज रोड पर जंगल के पास अमरपाल ईंट भट्टे के निकट पहुंचे तो एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने फायर झोंक दिया। गोली मोहम्मद रजी को लगी। उसे सीएचसी लाया गया था। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। फिर उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। 10 दिन चले इलाज के बाद अब हात में सुधार होने पर उसे मेडिकल कालेज से छुट्टी दे दी गई। घायल रजीउल्ला के पिता सनाउल्लाह का कहना है कि उनके बेटे को अस्पताल से डिस्चार्ज करने के बाद घटना के खुलासे के लिए उसके बयान कराए जाना बहुत जरूरी है। बयान न कराए जाने पर आरोपियों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

### कलाकारों को पेमेंट नहीं दे रहा ठेकेदार

**सिधौली।** शाहजहांपुर निवासी एक व्यक्ति ने सिधौली तहसील क्षेत्र के आसपास के 40 कलाकारों को स्वच्छता मिशन के तहत कार्यक्रम कराने के लिए बुलाया था। जिसके बाद कार्यक्रम हो जाने के बाद आरोपी ने तय भुगतान के अनुसार भुगतान नहीं किया। जिसकी शिकायत अमर सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम नसीराबाद मजरा गोपालपुर थाना संदना ने उच्चाधिकारियों से की है। अमर सिंह का आरोप है कि वह सांस्कृतिक जागरूकता मंच के जरिए अपने 40 लोककलाकारों द्वारा शहनवाज के कहने पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सभी ब्लाकों में अपनी टुकड़ियों के साथ केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीमों को प्रचारित करने का काम किया। जिसके बदले शहनवाज ने 400 रूपए प्रति गांव मिशन की गतिविधियों को प्रचारित करने के लिए कहा गया था।

# बादलों ने धीमे किए सूरज के तेवर, मिली राहत

## दोपहर बाद बदली होने से लोगों को मिला सुकून, तेज गर्म हवाएं लोगों को करती रहीं परेशान

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



सड़क पर मुंह ढककर गाड़ी चलाते राहगीर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को गर्मी के तेवर को बादलों ने ठंडा कर दिया। इससे लोगों को काफी राहत मिली। वहीं गर्म चल रही तेज हवाएं लोगों को दिन भर परेशान करती रहीं। इससे अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं दोपहर बाद बादलों की तेजी से हो रही आवाजाही ने लोगों को राहत पहुंचाई।

रोजाना की तरह सोमवार सुबह से सूरज ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। सूरज निकलने के बाद धूप की तेजी दिन चढ़ने के साथ बढ़ती रही। दोपहर के समय सूरज के तेवर काफी तल्ख हो गए। चिलचिलाती तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाएं लोगों का तन बदन झुलसाती रहीं। हालांकि दोपहर के समय अचानक मौसम बदलने से लोगों ने काफी राहत महसूस की। आसमान में बादलों की आवाजाही से लोगों को धूप से राहत मिलती रही। धूप की तेजी की वजह से दोपहर के समय पारा 44 डिग्री पहुंच गया। घर से बाहर निकले लोगों के लिए गर्म हवाओं के साथ बदन झुलसा देने वाली तपिश बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया। ऐसे में लोग धूप और लू से बचने के लिए घरों में रहने के लिए मजबूर रहे। सोमवार को अधिकतम तापमान 44.0 और न्यूनतम 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मंगलवार को बदली रहने की संभावना है। मगर, धूप और गर्म हवाएं लोगों के लिए मुसीबत बनेगीं। हालांकि इसके बाद एक बार फिर गर्मी के तेवर परेशान करेंगे।

### ऐसे करें गर्मी से बचाव

- अधिक से अधिक पानी पियें, वो भी उबालकर और साफ-स्वच्छ।
- त्वचा को झुलसने से बचाने के लिए कपड़े का इस्तेमाल करें।
- खाली पेट घर से बाहर न निकलें।
- चेहरा व सिर कपड़े से ढककर ही बाहर निकले।
- ग्लूकोज व नींबू पानी का अधिक प्रयोग करें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो सके।
- खाने में ताजा फल व सलाद का प्रयोग अधिक करें।
- आंखों को तेज धूप और गर्म हवाओं से बचाने के लिए चश्मा पहनकर ही निकलें।

# गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो इनामिया गिरफ्तार

**कार्रवाई**

▸▸ दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध सीतापुर सहित लखीमपुर जिले में दर्ज है दर्जनों मुकदमे

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मानपुर पुलिस टीम ने दो गैंगस्टर इनामिया वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

मानपुर पुलिस टीम ने यूपी गैंगस्टर एक्ट में लहरपुर थाने में वांछित अभियुक्त इरफान उर्फ डाक्टर उर्फ दरोगा पुत्र इलियास व अनिल कुमार पुत्र रामसागर निवासीगण ग्राम मूसेपुर खुर्द थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि अभियुक्तगण लगभग दो माह से वांछित चल रहे थे। अभियुक्तों की अति शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा इरफान पर पंद्रह हजार और अनिल पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस का दावा है कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा पूर्व में गिरोह बनाकर विभिन्न अपराधिक कृत्यों में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त इरफान के विरुद्ध लखीमपुर और सीतापुर के थानों में अलग अलग धाराओं में कुल सोलह अभियोग पंजीकृत हैं। वहीं अनिल के विरुद्ध लखीपुर खीरी सहित सीतापुर जिले के लहरपुर थाने में कुल पांच अभियोग दर्ज हैं। दोनों अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार।** गोला लखीमपुर मार्ग पर सात जून को एक पिकप में अज्ञात डीसीएम चालक द्वारा जोरदार टक्कर मारने सें चालक सहित एक यात्री के घायल होने की अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करौंदा निवासी मुस्तफा खान पुत्र सदाके ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सात जून को उसका भाई जिब्राइल खां पिकप में आगे बैठकर लखीमपुर जा रहा था। खम्हौल के पास सामने से आ रही डीसीएम ने पिकप में जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया। जिसमें पिकप क्षतिग्रस्त हो गई और उसका भाई गंभीर घायल हो गया। जिसे सीएचसी गोला से जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## सार-संक्षेप

### कल्पवृक्ष के समान है श्रीमद् भागवत कथा



कथा सुनाते कथाव्यास पंडित अखिलेश महाराज। अमृत विचार

**लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ, विराट संत सम्मेलन एवं रासलीला में सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की कामना की। इस मौके पर श्रीमद् भागवतकथा की महिमा का वर्णन करते हुए कथाव्यास पंडित अखिलेश महाराज ने राजा परीक्षित जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है जिससे मनोवांछित वरदान की प्राप्ति की जा सकती है उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा समस्त दुखों को हरने वाली है। इस मौके पर भागवत मर्मज्ञ पंडित मुनेंद्र पांडे ने कर्ण अर्जुन की कथा का वर्णन किया। रात्रि बेला में वृंदावन से आए कलाकारों ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की सजीव झांकियों का प्रदर्शन कर, भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्यों का भव्य पूर्ण मंचन कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों ने खाटू श्याम एवं शिव तांडव का भी सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अमर नगर एलेवन की टीम में 1 रन से जीता फाइनल



विजयी टीम को सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक बिसवां अनिल सिंह। अमृत विचार

**सीतापुर।** बिसवां इलाके में पैंदापुर पीपीएल सिक्स क्रिकेट टूर्नामेंट मे फाइनल मैच खान क्लब भगवानपुर एवं अमरनगर एलेवन के बीच खेला गया। अमरनगर की टीम ने फाइनल मैच में विजय पताका फहराई। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि नीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे। अमर नगर इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अमरनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल मैच विनर रही। बल्लेबाजी करते हुए अमरनगर की टीम ने 8 ओवर में शानदार 87 रन बनाई। जवाब में भगवानपुर की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चार ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अमर नगर की टीम ने 1 रन से फाइनल मैच जीत लिया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि उमेश होली राम यादव, वर्मा, मुकुल शुक्ला, सुमित यादव, रवि शुक्ला, शिवम त्रिवेदी, शौनक शुक्ला, धीरज त्रिवेदी, प्रखर शुक्ला, अखिल त्रिवेदी, पुलकित शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, संजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

### युवती की मौत पर मायके पक्ष का हंगामा

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला उरदौली गांव का है। गांव के रूपेश का विवाह करीब दो वर्ष पहले संदना निवासी रेखा (23) के साथ हुआ था। बताया जाता है कि बीते कई माह से रेखा की तबीयत खराब थी। उसका उचित इलाज करने की बजाय रूपेश गांव के अप्रशिक्षित और गैर पंजीकृत चिकित्सक के यहां इलाज कर रहा था। सोमवार को रेखा की मृत्यु हो गई। रुपेश के परिजन जहां बीमारी से रेखा की मौत की बात कह रहे हैं। वही मायके पक्ष के लोगों ने बेपरवाही के चलते साजिशन उसकी मौत होने तक बेपरवाही करने का आरोप लगाया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### विभिन्न थानों में वांछित और वारंटी 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** वांछित अभियुक्तों के क्रम में खैराबाद पुलिस ने वारंटी पुन्नी पुत्र रामप्रसाद निवासी मूसेपुर थाना खैराबाद और श्रीराम पुत्र भगवानदीन निवासी रमुआपुर थाना खैराबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने डालचंद पुत्र पुत्तूलाल निवासी ग्राम देवमनिया थाना मितौली जनपद खीरी, अजयपाल पुत्र स्व. फकीरा और इंद्रपाल पुत्र फकीर निवासीगण ग्राम पड़रखा थाना इमलिया सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया है। महमूदाबाद पुलिस ने अभियुक्त अनुज पुत्र रामसागर निवासी ग्राम बेदौरा थाना रेउसा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी क्रम में सिधौली पुलिस ने वांछित श्रेष्ठ श्रीवास्तव पुत्र रामशरण निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा। अटरिया पुलिस टीम ने वारंटी प्रकाश पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम तेऊन कलां थाना बेनीगंज जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया है।

# जम्मू में आतंकी हमले में घायलों में गोंडा के 8 श्रद्धालु भी शामिल

**गोंडा, अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले में घायल श्रद्धालुओं की पहचान कर ली गई है। घायलों में 8 श्रद्धालु गोंडा के रहने वाले हैं। घायलों में छपिया, मनकापुर व वजीरगंज थाना क्षेत्र के लोग शामिल हैं। इन सभी का जम्मू के नारायण हॉस्पिटल व जम्मू मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। परिजन जम्मू रवाना हो गए हैं।



पीड़ित देवी प्रसाद के घर में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

रविवार को जम्मू के रियासी जिले में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों ने उस वक्त हमला कर दिया था जब बस तीर्थयात्रियों को लेकर शिवखोड़ी से लौट रही थी। हमले के बाद बस खाई में गिर गई थी और बस में सवार 10 श्रद्धालु मारे गए थे तथा 33 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों में 8 श्रद्धालु गोंडा जिले के रहने वाले हैं। इनमें दिनेश कुमार गुप्ता(25), देवी प्रसाद गुप्ता(39), उनकी पत्नी नीलम गुप्ता(38), बेटा प्रिंस(14), बेटी पलक गुप्ता(10), राजेश गुप्ता(40) व उनकी पत्नी बिट्टन गुप्ता(39) व दीपक कुमार राय(37) शामिल हैं। इनमें दीपक के पैर में गोली लगी है, जबकि अन्य बस पलटने से घायल हुए हैं। घायल दिनेश राजेश व सोना देवी को जम्मू कटरा के नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य घायलों का इलाज जम्मू मेडिकल कालेज में किया जा रहा है। देवी प्रसाद के भाई हनुमान प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से इस घटना की सूचना मिली है। उन्होंने परिजनों से फोन पर बात की है सभी लोग खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि शाम की ट्रेन से वह जम्मू जाएंगे। घायल राजेश गुप्ता के बेटे राहुल गुप्ता ने बताया कि उसकी पिता से बात हुई है सभी लोग घायल हैं और वह जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए हैं। मनकापुर के अजय पांडे ने बताया कि उनके पड़ोसी दीपक राय आतंकी हमले में घायल हुए हैं। दीपक के पैर में गोली लगी है।

> जम्मू में हुई आतंकी घटना में जिले के 8 लोग घायल हैं। सभी के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। अधिकारी व राजस्व कर्मी पीड़ितों के घर भेजे गए हैं। प्रशासन लगातार जम्मू कश्मीर सरकार के संपर्क में है। जिले से एक मजिस्ट्रेट व एक सीओ रैंक के अधिकारी को जम्मू रवाना किया जा रहा है जो घायलों को हरसंभव मदद मुहैया करायेंगे।
>
> –नेहा शर्मा, डीएम

### 4 जून को परिवार व रिश्तेदारों के साथ जम्मू गया था देवी प्रसाद का परिवार

**गोंडा, अमृत विचार:** छपिया क्षेत्र के भिखारीपुर सोहिला निवासी देवी प्रसाद गुप्ता(39) पत्नी नीलम गुप्ता, बेटा प्रिंस व बेटी पलक गुप्ता के साथ 4 जून को मां वैष्णो देवी का दर्शन करने गए थे। उनके साथ वजीरगंज थाना क्षेत्र के मझगवां निवासी उनके बहनोई राजेश गुप्ता, उनकी पत्नी बिट्टन गुप्ता, मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के किसुनदासपुर गांव के मजरा बेहला के दीपक कुमार राय व कानपुर के रहने वाले रिश्तेदार दिनेश गुप्ता और उनका परिवार भी था। रविवार को आतंकियों ने उनकी बस पर हमला कर दिया, जिससे बस खाई में जा गिरी और सभी लोग घायल हो गए।

### हमले की कहानी पीड़ित की जुबानी

**गोंडा, अमृत विचार:** आतंकी हमले में घायल देवी प्रसाद ने फोन पर घटना का आंखों देखा हाल बताया। देवी प्रसाद ने कहा कि सभी लोग मां वैष्णो देवी का दर्शन करने के बाद शिवखोड़ी दर्शन के लिए गए थे। वहां से दर्शन कर रविवार को वापस लौट रहे थे कि रास्ते में जंगल में छिपे आतंकियों ने बस पर फायरिंग शुरू कर दी। चालक गोली लगने से घायल हो गया और बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस खाई में जा गिरी और बस में सवार सभी लोग घायल हो गए। देवी प्रसाद ने बताया कि हमले में उनका साला दिनेश गुप्ता भी घायल है। उसे किस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इसकी जानकारी नहीं है।

# ट्रांसफार्मरों के सामने लगाए गए कूलर

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ गई है, बिजली कटौती होने पर तुरंत एसडीओ, जेई के फोन बजने शुरू हो जाते हैं। बिजली निर्बाध रूप से जारी रहे इसके लिए पावर हाउस में दो कूलर लगाए गए हैं जो ट्रांसफार्मर को ठंडा करने में लगे हैं। उपकेंद्र शुक्लगंज से करीब दो लाख से अधिक आबादी को बिजली की आपूर्ति की जाती है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की खपत बढ़ गई है। लोगों को गर्मी से बचने के लिए एसी कूलर, पंखा का सहारा लेना पड़ रहा है। बिजली कटते ही हाहाकार मच जाता है। ओवरलोड होने के कारण उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफार्मर ओवर हीट होने लगते हैं जिससे आपूर्ति ठप हो जाती है। एसडीओ लल्लन प्रसाद ने बताया कि ओवरहीट होने से बचाने के लिए ट्रांसफार्मर पर दो कूलर लगाए गए हैं।



उपकेंद्र शुक्लगंज पर ट्रांसफार्मर को ओवरहीट से बचाने के लिए कूलर दिखाते एसडीओ लल्लन प्रसाद। अमृत विचार

## चौपाल में समस्याओं का होगा निस्तारण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** गांव की समस्या, गांव में ही समाधान के उद्देश्य से गांवों में चौपाल लगायी जाएगी। डीएम की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम 21 जून से आयोजित होगा। डीएम नेहा शर्मा की ओर से सोमवार को कार्यक्रम जारी कर दिया गया। इनमें तहसील, ब्लाक एवं संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। संबंधित थाना प्रभारी एवं सीओ को भूमि विवाद रजिस्टर, त्योहार रजिस्टरतथा ग्राम में घटित बड़ी घटनाओं की सूचना के साथ अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश। चौपाल सुबह 11 से शाम 4 बजे तक ग्राम पंचायत में स्थित विद्यालयों/पंचायत भवनों अथवा अन्य शासकीय भवन में लगेगी।

# प्रधानों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने बीडीओ कार्यालय में प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्री मांगपत्र बीडीओ की नामौजूदगी में एडीओ आईएसबी दिनेश चंद्रा को सौंपा।



एडीओ आईएसबी को ज्ञापन देते प्रधान। अमृत विचार

सोमवार को बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान बीडीओ कार्यालय पहुंचे। विकास कार्यों में आ रही बाधा व विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की। ग्राम प्रधानों ने कहा कि गांव का विकास कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायतों में ई ग्राम स्वराज प्रणाली में गेटवे प्रणाली पूर्व से ही है, जिसके लिए ग्राम प्रधान एवं सचिव अधिकृत हैं। अधिकतर ग्राम पंचायतों में नेटवर्क की समस्या रहती है। यही नही किसी ग्राम पंचायत में तकनीकी कमी या गलती से भी भुगतान गेटवे से बाहर लग जाता है तो तत्काल प्रशासन-शासन के द्वारा कार्यवाही की जाती है। जिम्मेदारी सचिव व ग्राम प्रधान की होती है। इतनी पारदर्शिता के बावजूद भी पंचायत को प्रयोगस्थली बनाते हुए किसी भी जवाब देही से मुक्त पंचायत सहायक को इस प्रणाली में फेस रिकगनाइज करते हुए गेटवे प्रणाली को बोलने के लिए बारकोड जनरेट करना अनिवार्य किया गया है। जिसे निष्क्रिय किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन पर प्रधान बृहस्पति कुमार, राजेश कुमार सिंह, जहीर खां, रामप्रताप सिंह, नेतराम, बाबूराम, अमित, ननकई, नीलम, गीता, रजिया, बाबूलाल, राधा व सालिकराम के हस्ताक्षर हैं।

# मंत्री बनने के बाद कीर्तिवर्धन के सामने होगी चुनौती

उमानाथ तिवारी, गोंडा



मंत्री पद की शपथ लेते कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया। फाइल फोटो

**लगायी हैट्रिक**

▸▸ विवि, सीवर लाइन, ओवर ब्रिज व रिंग रोड निर्माण जैसे मुद्दों को सुलझाने का रहेगा दबाव

**अमृत विचार :** बीजेपी के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री बनाए जाने पर जिले में जश्न का माहौल है और हर कोई इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दे रहा है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अब तक जिले के किसी भी जनप्रतिनिधि को सांसद बनने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला है। अगर बेनी प्रसाद वर्मा को छोड़ दिया जाए तो जिले के राजनीतिक इतिहास में यह पहली बार है जब गोंडा के किसी जनप्रतिनिधि को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। हालांकि मंत्री बनने के बाद राजा भैया के सामने जनाकांक्षाओं पर खरा उतरने की बड़ी चुनौती होगी।

जिले में सीवर लाइन, रिंग रोड, रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण व राज्य विवि जैसे अनेक ज्वलंत मुद्दे हैं जिनसे राजा भैया को अपने इस कार्यकाल में पार पाना ही होगा। इसके अतिरिक्त जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराना भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

देखा जाए तो कीर्तिवर्धन सिंह इस बार लगातार तीसरी दफा सांसद चुने गए हैं। वह 2014 व 2019 में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा वह समाजवादी पार्टी की सरकार में भी वर्ष 1998 व वर्ष 2004 में सांसद बने थे। ऐसे में पिछले दो दशक के राजनीतिक कार्यकाल पर नजर डालें तो वर्ष 2009 से वर्ष 2014 तक का पांच साल का कार्यकाल ही ऐसा रहा जब वह सांसद नहीं रहे। बाकी के 21 साल वह ही इस सीट पर काबिज रहे हैं। लेकिन इस पूरे कार्यकाल के दौरान वह इतने प्रभावी नहीं रहे जितना लोगों को उम्मीद थी। कई बार उन पर क्षेत्र से दूर रहने और सिर्फ चुनाव में ही जनता के बीच जाने का आरोप भी लग चुका है, बावजूद इसके जनता ने लगातार तीसरी बार उन्हे अपना सांसद चुनकर भरोसा जताया है। जीत की हैट्रिक के बीच कीर्तिवर्धन सिंह को केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री बनाए जाने के बाद गोंडा की उम्मीदों को पंख लग गए हैं। मंत्री बनाए जाने के बाद राजा भैया जिले के विकास को न सिर्फ गति देंगे बल्कि उन जन आकांक्षाओं को भी पूरा करेंगे जिसका गोंडावासी वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। अपने इस कार्यकाल में अगर वह जिले की प्रमुख समस्याओं का समाधान कराने में सफल रहते हैं तो यह न सिर्फ उनके लिए बल्कि बने आने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए भी किसी मील के पत्थर से कम नहीं होगा।

**उठायी आवाज** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर चौराहे पर किया प्रदर्शन

# नीट परिणाम में गड़बड़ी की हो सीबीआई जांच : एबीवीपी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नीट यूजी परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी के विरोध में अम्बेडकर चौराहे पर प्रदर्शन किया। विभाग सह संयोजक सूरज शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के आयोजन के दौरान गड़बड़ियों तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जांच की मांग करती है। जिला सह संयोजक कुलदीप तिवारी ने कहा मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, प्रांत कार्यसमिति सदस्य मुकेश सोनी, जिला संगठन मंत्री हरिओम शर्मा, नगर सह मंत्री उमाकांत यादव, अंतरिक्ष त्रिपाठी, संदीप शुक्ला, आदर्श गोस्वामी, उमंग सिंह, अजय तिवारी, गोविंद पांडेय, रामजन्म वर्मा, प्रभात शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता। अमृत विचार

### सपा छात्र सभा ने भी दिया ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते सपा छात्र सभा के सदस्य। अमृत विचार

सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के दिशा निर्देश पर नीट यूजी में परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में राज्यपाल को डीएम के माध्यम से मांगपत्र भेजा गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी मो अल्तमस, जिला सचिव सुरेश यादव, अंकुर गौतम, नवीन मिश्र, नगर अध्यक्ष राजा अली इकाई महासचिव अंकित सम्राट, नबील खान, नरेंद्र यादव, बृजेश सलमान, राजा विशाल तिवारी आदि थे।

## 7 पंचायतों में नहीं हो पायी सहायकों की नियुक्ति

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार:** ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में से सात ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की तैनाती आज तक नहीं हुई है। इससे इन सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में से ग्राम पंचायत देवरिया कला, रनियापुर, गौसिहा, पुरैनिया, हरखापुर, बेलवा बाजार व नरहरिया में विभिन्न कारणों से पंचायत सहायकों का पद रिक्त चल रहा है। इन ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की तैनाती न होने से ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों को विकास कार्यों को संचालित किए जाने के लिए तमाम प्रकार की दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

## एक नजर

### अशासकीय सहायता प्राप्त प्रबंधकों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा के विद्यालय प्रबंधकों ने हजरतगंज स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधकों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर बैठे प्रबंधकों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि 6 महीने पहले भी हम अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। फिर चुनाव के कारण उसे स्थगित करना पड़ गया था।

### एयर कमोडोर प्रशांत ने संभाली कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** एयर कमोडोर प्रशांत ने सोमवार को वायु सेना स्टेशन गोरखपुर की कमान संभाली है। ये चार्ज उन्हें एयर कमोडोर मनीष सहदेव ने सौंपा। लखनऊ मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने बताया कि एयर कमोडोर प्रशांत को जून 1996 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था।

# आशिक मिजाज पुलिसवालों के कारण विभाग हो रहा बदनाम

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार:** कहने को तो जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के कंधे पर है, लेकिन महकमे में मौजूद कुछ लोग वर्दी पर दाग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के बार-बार निर्देश देने के बाद भी कुछ पुलिसकर्मी अपना आचरण नहीं सुधार पा रहे हैं। इन पर भ्रष्टाचार व मारपीट करने का आरोप लगता रहता है। शासन की तरफ से आए दिन महिलाओं के प्रति सम्मान देने की बात कही जाती है, परंतु सम्मान देने की बात तो दूर, थाने में गाली गलौज का उन्हें शिकार होना पड़ता है। बस्ती जिले के सीओ सिटी विनय चौहान पर लगे आशनाई का आरोप पहली घटना नहीं है, इस तरह के पहले भी कई पुलिसजनों पर गम्भीर आरोप लगते आये हैं। प्रदेश में खाकीधारियों की शिकार हुई कई युवतियों की दास्तान पूर्व समय से सुनने को मिलता रहा है। पुलिस विभाग में आशनाई का रंग सिपाही से लेकर एडीजी स्तर के अधिकारियों तक चढ़ा है। वहीं ऐसे मामलों में पुलिस के अधिकारी बात करने से कतराते हैं लेकिन उनका यह जरूर कहना होता है कि इन प्रकरणों में बड़े अधिकारी तो अक्सर बच जाते हैं लेकिन छोटे कर्मियों कर गाज गिरती है जो कि पूर्ण रूप से न्यायसंगत नहीं है।



### ये मामले रहे चर्चा में, विभाग की हुई किरकिरी

अभी हाल में ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गये एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी को गृह मंत्रालय ने समय से पहले ही उनकी आशिक मिजाजी के कारण यूपी वापस भेज दिया। बताया जाता है कि एडीजी का मन गुवाहाटी एयरपोर्ट पर एक युवती को देखते ही मचल उठा और वह उसका हाथ पकड़कर प्यार का इजहार कर बैठे। युवती की लिखित शिकायत पर उक्त एडीजी के खिलाफ जांच हुई तो मामला सही पाया गया। बताया जाता है कि एडीजी के माफी मांगने पर युवती ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसी तरह का एक मामला सोशल मीडिया में खूब फैला। बताया जाता है कि उन्नाव जनपद में तैनात एक सीओ साहब प्रेमिका सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में जाकर ठहरे। इस होटल में सिपाही के निर्वस्त्र नहाते सीओ का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक जिले में जहां थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाने आई युवती के साथ दरोगा जी ने दुष्कर्म किया। वहीं, राजधानी के अलीगंज में तैनात एक दरोगा जी ने तो अपने हाथ पर ही अपनी प्रेयसी सिपाही का नाम गोदवा लिया था। इसी तरह विजिलेंस के इंस्पेक्टर महेश दुबे जो लखनऊ के कृष्णा नगर व मोहनलालगंज प्रभारी रहे हैं, पर विकास नगर की रहने वाली एक महिला ने गर्भवती करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसी तरह का एक और मामला लखनऊ के विभूति खंड में दर्ज कराया गया। यहां शोध छात्रा ने सिपाही विवेक सिंह सिसोदिया पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया।

इसी क्रम में जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन में सेवानिवृत्ति एक सीओ पर रिवाल्वर के बल पर दुराचार करने का आरोप लगा। 8 मई 2023 की रात्रि घटना का समय बताते हुए महिला ने सीओ और उनके परिजनों पर एफआईआर दर्ज कराई। एक और मामला मुरादाबाद जनपद में ही सुनने को मिला। बताया जाता है कि अमरोहा में तैनात एक महिला सिपाही से दारोगा ललित चौधरी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा। इसी तरह सुल्तानपुर की शहर कोतवाली में सेवानिवृत्त एक डीआईजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा राजकीय रेलवे में तैनात एक बड़े अफसर पर पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला आईपीएस अफसर ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि आरोपों की जांच डीजी स्तर की महिला अधिकारी को सौंपी गई। बताते है कि आरोपी अधिकारी का तो कुछ नहीं बिगड़ा, मगर पुलिस अधीक्षक को ही अपने पद से हटना पड़ा।

आशिक मिजाज के पुलिस वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वह भी ऐसी कार्यवाई हो, जो नजीर बने। बस्ती में तैनात सीओ ने महिला के साथ गलत काम भी किया और वर्दी का दुरुपयोग करते हुए महिला को बंद भी करवा दिया। इस घटना की शीघ्र जांच कराकर दोषी सीओ पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

– बृजलाल, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र. व राज्यसभा सांसद

मामले की जांच शीघ्र कराकर दोषी सीओ पर कठोर से कठोर कार्यवाई होनी चाहिए। जांच में देरी होगी तो दोषी को संभलने का मौका मिलेगा। ऐसे में दोषी, पीड़िता को प्रलोभन देकर या उसे डरा-धमका कर जांच अपने पक्ष में करा सकता है, विभाग को ऐसे प्रकरणों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है।

–सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र.

### पुलिसकर्मियों के बहुत सारे किस्से

आशिक मिजाज वाले और तमाम पुलिसकर्मियों के बहुत किस्से हैं, जिसे लिखने में कागज छोटा पड़ जाएगा। मामला जो भी हो, आने वाले दिनों में खाकीधरियों में सुधार आता है या वह इस तरह के मामलों में और मीडिया की सुर्खियां बटोरेंगे यह तो वक्त ही बताएगा।

# सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं दूसरी तरफ आईजी रेन्ज ने सीओ के निलम्बन की संस्तुति करते हुए डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार बस्ती में तैनात सीओ विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। बताया जाता है कि सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के बाद सीओ की पत्नी और बेटी ने जमकर पिटाई की थी। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

### दो और पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

# इस माह सभी क्षेत्रों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

## शासन ने लिखा पावर कॉरपोरेशन को पत्र, मुख्यमंत्री का निर्देश लागू करने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जून भर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली



- जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर रिसीव करें
- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर 'रिसीव' करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

शासन ने बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान लोगों का फोन 'रिसीव' कर उन्हें यथास्थिति से अवगत कराने व समस्या का निस्तारण करने को कहा गया है। पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को पूरे प्रदेश में हर हाल में लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति की समस्या दूर करने को कहा था। साथ ही, दो घंटे से ज्यादा की अवधि तक 'शटडाउन' न लिये जाने का निर्देश दिया था।

### जूझ रहे बिजली संकट से

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार स्थानीय खराबी के कारण राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में बिजली संकट का कहर बना हुआ है। खराबियों के समय पर दूर न होने के कारण लोगों को घंटो बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। कई उत्पादन इकाइयों के बंद होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, पर स्थानीय खराबी पर प्रभावी अंकुश न लग पाने के कारण लोगों को समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है।



भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# योगी ने राजनाथ-शाह व गडकरी से की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है।

योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे और बाद में नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक साहित्य में अयोध्या



विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।

पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

# वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्धत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है, किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया, किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य, पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।

## वर्ग पहेली-97

**बाएं से दाएं**

1. 1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।
2. 1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।
7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।
10. 1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।
4. 1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था
5. रोला छंद का एक नाम।
6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।
8. 1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।
9. 1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।





### वर्ग पहेली -96 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | | 3 उ | | | 4 अ |
| | 5 सा | गू | दा | ना | | फ़ |
| | ज़ | | री | | | सो |
| | | 6 चो | क | | | स |
| | 7 खँ | खा | र | | | ज |
| | | | ण | | | न |
| 8 झाँ | झ | न | | 9 पो | त | क |

### सुडोकू-10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | 5 | | | 7 | |
| | | 2 | | 1 | | | 9 | 8 |
| 4 | | 6 | | | 8 | | | 3 |
| | | | 5 | | | 4 | | 2 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| 9 | | 1 | | | 7 | | | |
| 2 | | | 1 | | | 3 | | 5 |
| 1 | 7 | | | 6 | | 8 | | |
| | 3 | | | 4 | | 7 | 2 | |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17.27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 23.39 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष:** आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**कर्क:** आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

**सिंह:** आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा, लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कन्या:** आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

**वृश्चिक:** आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

**धनु:** आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर:** आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कुंभ:** आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

**मीन:** आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- हैसियत — सुबह : 09.00
- तकदीर का तमाशा — शाम : 06.00

&pictures
- खट्टा मीठा — सुबह : 10.54
- गुडबाय — रात : 08.00

Sony Pix
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ — सुबह : 11.15
- द लेजेंड ऑफ टार्जन — रात : 09.00

Zee Cinema
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 12.00
- नागभूमि — रात : 08.00

Colors Cineplex
- नई पड़ोसन — सुबह : 08.55
- हम तुम्हारे हैं सनम — रात : 08.37

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा- कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# राजग सरकार को देश में बेरोजगारी की समस्या से होगा निपटना: राजीव कुमार

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा-असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर देना होगा ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर ध्यान देना होगा।

कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा-हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक सुधार के आकार का रहा है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों में...। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 प्रतिशत बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा-देश की बड़ी कंपनियों ने अभी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### मोदी 3.0 बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता का संदेश : केशप



यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष केशप ने रविवार को दिए साक्षात्कार में कहा-प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच भारत के मतदाताओं द्वारा राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता और निरंतरता का एक मजबूत संदेश देता है।

### भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम (एमपीसीडीएस) को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। बयान में कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है। एक्सिसकेड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण कृष्णमूर्ति ने कहा-यह भारतीय रक्षा बलों में मैन पोर्टेबल श्रेणी में शामिल किया जाने वाला पहला काउंटर ड्रोन सिस्टम है।

## पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या नहीं की उजागर



वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई।

जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा-कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। आरबीआई ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 91,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश जोरदार बढ़त के साथ 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी आंकड़ो में बताया कि यह इक्विटी फंड में शुद्ध निवेश का लगातार 39वां महीना है।

इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन योजनाओ में मासिक निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई में कुल मिलाकर 1.1 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा, जो इससे पहले अप्रैल में 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह प्रवाह इक्विटी के साथ ही ऋण योजनाओं में निवेश के कारण हुआ। इस निवेश के साथ ही उद्योग की प्रबंधन के तहत शुद्ध संपत्तियां (एयूएम) बढ़कर मई के अंत में 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल के अंत में 57.26 लाख करोड़ रुपये थीं।

### दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं की सुधरेगी कर्ज वसूली दर

**मुंबई।** दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं में फंसे कर्ज की वसूली दर चालू वित्त वर्ष में बेहतर होने की उम्मीद है। घरों की कीमतें बढ़ने के अलावा नियमों में बदलाव से भी इसमें मदद मिलने की संभावना है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई।

देश के लिए घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में फंसी हुई आवासीय परियोजनाओं से कर्ज की वसूली दर बढ़कर 16-18 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था।

## सेबी ने डीमैट और एमएफ खाते के लिए नामांकन अनिवार्यता के नियम में दी ढील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बाजार नियामक ने खातों पर रोक लगाने का नियम कर दिया खत्म



बाजार नियामक सेबी ने मौजूदा निवेशकों के लिए नियमों को आसान बनाते हुए नामांकन का विकल्प न देने की स्थिति में डीमैट और म्यूचुअल फंड खातों पर रोक लगाने (फ्रीज करने) का नियम सोमवार को खत्म कर दिया।

इसके अलावा भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले निवेशक अब लाभांश, ब्याज या प्रतिभूतियों को भुनाने जैसे किसी भी भुगतान को पाने के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही निवेशक नामांकन का विकल्प न चुनने पर भी शिकायत दर्ज करने या आरटीए (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट) से किसी भी सेवा का अनुरोध पाने के हकदार होंगे। इससे पहले भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए नामित व्यक्ति (नॉमिनी) का विवरण देने या नामांकन से बाहर निकलने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की थी। नियम का पालन न करने पर उनके खातों से निकासी पर रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, सेबी ने सोमवार को जारी परिपत्र में कहा कि अनुपालन में सुगमता और निवेशकों की सुविधा को लेकर मौजूदा निवेशकों या यूनिटधारकों के लिए नामांकन का विकल्प न देने पर डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड खाते पर रोक नहीं लगाने का फैसला किया गया है।

# राष्ट्रीय

## सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट याचिका में खामियों को दूर न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

# आपने त्रुटियां क्यों नहीं कीं दूर, याचिका कर देंगे खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को दूर करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा दिये गये अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका में त्रुटियां नहीं दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं और आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं, इसके चलते हम याचिका को खारिज कर देंगे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल याचिका में त्रुटियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामा स्वीकार नहीं किया गया। पीठ ने कहा-आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं? हम याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी त्रुटियां गिनाई गई थीं और आपने इन्हें दूर नहीं किया। आपका मामला चाहे जितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अदालत की कार्यवाही के बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं। पीठ ने मामले की सुनवाई 12 जून के लिए स्थगित करते हुए कहा-हमें कभी हल्के में नहीं लीजिये। दस्तावेजीकरण स्वीकार नहीं किया जा रहा। आपने अदालत में सीधा दस्तावेजों का पुलिंदा रख दिया और कह रहे हैं कि आप पानी की कमी से जूझ रहे हैं तथा आपने खुद ही आज एक आदेश पारित कर दिया। आप सभी तरह की तात्कालिकता जता रहे हैं और खुद आराम से बैठे हैं। सब कुछ रिकॉर्ड पर आ जाने दीजिए। हम इस पर बुधवार को सुनवाई करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मामले पर सुनवाई से पहले सभी दस्तावेज पढ़ना चाहता है क्योंकि अखबारों में बहुत सी चीजों की खबरें आ रही हैं। पीठ ने कहा-अगर हम अपने आवासीय कार्यालय में दस्तावेज नहीं पढ़ेंगे तो हम अखबारों में छपी खबरों से प्रभावित होंगे। यह किसी भी पक्ष के लिए अच्छा नहीं है। हरियाणा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई की शुरुआत में राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पेश किया। शीर्ष अदालत ने दीवान से पूछा कि उन्होंने अब जवाब क्यों दाखिल किया, तो दीवान ने कहा कि दिल्ली सरकार की याचिका में खामियों को दूर नहीं किया गया इसलिए रजिस्ट्री ने जवाब दाखिल करने की अनुमति नहीं दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने आप के राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने की बढ़ाई समय सीमा

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया और समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। पीठ ने कहा कि यह अंतिम मौका है और पार्टी को 10 अगस्त तक या उससे पहले राउज एवेन्यू स्थित इमारत संख्या 206 का कब्जा सौंपना होगा। राष्ट्रीय राजधानी में जिला न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय को परिसर आवंटित किया गया था।

### सीबीएसई ने फर्जी पाठ्यक्रम, नमूना प्रश्न पत्र को लेकर जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों के बारे में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया। बोर्ड ने विद्यार्थियों से असत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनने का आग्रह किया। परामर्श में कहा गया है, हमें पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को 30 पौधे लगाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले को निरस्त करते हुए न्यायालय दिया आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 61 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज महिला की लज्जा भंग करने के मामले को रद्द करते हुए उसे 30 पेड़ लगाने का निर्देश दिया। आरोपी के महिला से समझौता करने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया।

आरोपी द्वारा उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए दायर याचिका पर न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने सुनवाई की। अदालत ने कहा कि मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है, इसलिए इस मामले को लंबित रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा, मामले को जारी रखना अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं होगा। अदालत ने पिछले महीने पारित एक आदेश में कहावसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी और इसके चलते होने वाली कार्यवाही रद कर दी जाती है। अदालत ने कहा-याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने के बजाय उसे सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने के बाद स्थानीय इलाके में या वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाना क्षेत्र में 30 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। पौधों की ऊंचाई लगभग तीन फुट तक हो।

### एक नजर

#### दिल्ली में डीडीए फ्लैट में आग लगने से महिला की दम घुटने से मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फ्लैट में सोमवार को आग लगने से 40 वर्षीय महिला की दम घुटने से मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया-हमें अपराह्न 3.15 बजे दो मंजिला एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्हें आग बुझाने में दो घंटे लगे।" गर्ग ने बताया कि शाम पांच बजे के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। गर्ग ने बताया कि एयर कंडीशनर और बिजली के मीटर में आग लग गई थी।

#### कार खाई में गिरी पुलिसकर्मी की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परयोटे गांव निवासी हेड कांस्टेबल राम राज (47) जम्मू बस स्टैंड पर तैनात थे और रविवार देर रात दुर्घटना के समय डोडा स्थित अपने घर जा रहे थे।

## आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए: कोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

**सलमान खान के घर गोलीबारी का मामला**



बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें।

अदालत ने कहा-उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है। यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था।

## 1.30 करोड़ का सोना चुराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी**

**महाराष्ट्र के ठाणे का मामला, प्राथमिकी दर्ज**

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के सिलसिले में आभूषणों की दुकान के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ठाणे के नौपाड़ा की सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने ने बताया कि पुलिस के एक दल ने 11 मई को नौपाड़ा इलाके में एक दुकान में हुई चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को आरोपी विशाल सिंह कानसिंह राजपूत (29) को राजस्थान के माउंट आबू से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसने कथित तौर पर 1.30 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 381 (चोरी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विशाल की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और मुंबई में उसके नाम पर चोरी का एक मामला दर्ज है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने दुकान से अपना आधार कार्ड और पहचान से जुड़े अन्य दस्तावेज भी ले लिए थे।

## केरल में आर्थिक समस्याओं के चलते एक परिवार के 3 लोगों ने की आत्महत्या

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के नेय्याट्टिनकारा में कथित रूप से वित्तीय समस्याओं के चलते एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने अपने आवास में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा निवासी मणिलाल (52), उनकी पत्नी स्मिता (45) और उनके बेटे अभिलाल (22) को स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह जानकारी दी थी कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं। पुलिस ने कहा-परिवार ने अपने कुछ दोस्तों को अपने इस अतिवादी कदम के बारे में बताया था। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित रिश्तेदार घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बेहोश पाया। परिवार के तीनों सदस्यों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### राहुल गांधी 12 को वायनाड की करेंगे यात्रा

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 12 जून को केरल के वायनाड का दौरा कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी जीत हासिल करने के कुछ दिन बाद उनकी यह पहली यात्रा होगी। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाकपा उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 मतों के अंतर से हराया। गांधी वायनाड का दौरा ऐसे समय कर रहे हैं, जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह यह सीट छोड़ देंगे और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पारंपरिक गढ़ रायबरेली का संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे।

## वामपंथी छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर जांच की मांग की




वामपंथी छात्र संघों के सदस्यों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। एक बयान में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समीति का गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आरोप लगे हैं कि 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंक बढ़ा-चढ़ाकर दिये गए हैं जिसके कारण 67 अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान मिला है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के उपाध्यक्ष अविजीत घोष ने कहा, छात्र जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग करते हैं। घोष ने कहा-हम मंत्रालय से मांग करते हैं कि प्रवेश परीक्षाओं की शुचिता की रक्षा के लिए वह अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित परीक्षा प्रणाली स्थापित करे। घोष ने एक बयान में कहा कि असंख्य छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है और मंत्रालय को इन गंभीर मुद्दों को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

### नीट-यूजी परीक्षा में धांधली को लेकर राजस्थान में एबीवीपी ने की सीबीआई जांच की मांग

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से नीट यूजी परीक्षा-2024 के परीक्षा आयोजन से लेकर परिणामों में हुई धांधली के विरोध में सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आसूराम डूकिया के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंप कर परीक्षा में हुई धांधली के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की। मीडिया से बातचीत में श्री डूकिया ने चेतावनी दी है कि परीक्षा की जांच नहीं होने पर एबीवीपी पूरे देश में बड़ा आंदोलन करेगी।

